नई दिल्ली
नई दिल्ली मंगलवार 5 नवंबर 2019
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
नवमी वर्ष : 23, अंक : 229
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 23.8
न्यून. 15.3

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 कश्मीर में पहली बार शान से लहराया तिरंगा

खबर संक्षेप

हरियाणा विधानसभा का अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता को चुना गया

चंडीगढ़। भाजपा विधायक ज्ञानचंद गुप्ता को सोमवार को सर्वसम्मति से हरियाणा विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पंचकूला के विधायक गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने उसका अनुमोदन किया। विधानसभा चुनाव में गुप्ता ने कांग्रेस के उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के पुत्र चन्द्र मोहन बिश्नोई को पराजित किया था। इससे पूर्व अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) रघुबीर सिंह कादियान ने खट्टर, दुष्यंत और अन्य विधायकों को शपथ दिलाई। *(पेज-5 भी देखें)*

नजरिया

सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण को लेकर केंद्र व राज्य सरकारों को लगाई फटकार

'लोग मरने की हालत में, नियम तोड़ने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाए'

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और राज्य सरकारों पर तल्ख टिप्पणियां कीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोग मर रहे हैं और ज्यादा लोग मारे जाएंगे, लेकिन शासन में बैठे लोग केवल तिकड़मबाजी में दिलचस्पी रखते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य, तोड़फोड़ पर लगा प्रतिबंध तोड़ने वालों पर एक लाख रुपये और कचरा जलाने वालों पर 5 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाए। नगर निगम खुले में कूड़ा डालने पर भी नजर रखें। दिल्ली और केंद्र सरकार एक-दूसरे पर आरोप लगाने की बजाय तुरंत कदम उठाएं। अदालत ने 6 नवंबर को उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के मुख्य सचिवों को तलब किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिए कि 30 मिनट के भीतर पर्यावरण विशेषज्ञों को कोर्ट में बुलाया जाए। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को भी हवा की गुणवत्ता में सुधार नजर नहीं आया। गुड़गांव में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 800 से ज्यादा दर्ज हुआ। यह सीजन में सबसे अधिक है। इस मुद्दे पर एनजीटी ने दिल्ली के मुख्य सचिव, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के अध्यक्ष, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सचिव, वन विभाग, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण मंत्रालय के संयुक्त सचिवों को तलब किया है।

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और राज्य सरकारों को फटकार लगाई है। दिल्ली में ऑड-ईवन पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया और दिल्ली सरकार से पूछा कि ऑड-ईवन से प्रदूषण कैसे रूकेगा? सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों से कोई सहानभूति नहीं है। कोर्ट ने कहा कि डीजल गाड़ियों पर पाबंदी समझ में नहीं आती।

खास बात

- निर्माण कार्य, तोड़फोड़ करने वालों पर एक लाख और कचरा जलाने वालों पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाए

कोर्ट ने कहा, इससे अच्छा तो वह आपातकाल था

कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली हर साल घुट रही है और हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं। हर साल ऐसा हो रहा है और 10-15 दिनों तक जारी रहता है। सभ्य देशों में ऐसा नहीं होता है। जीवन का अधिकार सबसे महत्वपूर्ण है। जस्टिस अरुण मिश्रा ने दिल्ली की दमघोंटू हवा पर कहा कि यह (दिल्ली की स्थिति) आपातकाल से भी बदतर है। वह आपातकाल इस आपातकाल से बेहतर था।

ऑड-ईवन को नाटक बताकर सड़क पर निकले गोयल, कटा 4 हजार का चालान

बीजेपी के राज्यसभा सांसद विजय गोयल ने इसे नाटक करार देते हुए नियम को तोड़कर चार हजार रुपये का चालान भरा। क्योंकि सोमवार को ईवन (सम) वाले दिन गोयल ऑड नंबर की एसयूवी लेकर घर से निकले थे। उन्होंने कहा कि यह योजना दिल्ली के लोगों के जीने के अधिकार का मजाक बनाने जैसी है। इसके बाद केजरीवाल सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत उन्हें समझाने के लिए फूल लेकर घर पहुंच गए।

जाम से लोगों को मिली राहत

दिल्ली में सोमवार को लागू हुई ऑड-ईवन योजना का सकारात्मक असर दिखाई दिया। दफ्तर जाने के पीक टाइम में व्यस्तम सड़कें और चौराहे खाली पाए गए। व्यस्तम चौराहा आईटीओ पर भी सोमवार को ट्रैफिक स्मूथ दिखाई दिया। वहीं सोमवार को हवा की गति में मामूली वृद्धि होने से प्रदूषण के स्तर में कुछ कमी आई है लेकिन वायु गुणवत्ता अब भी गंभीर की श्रेणी में बनी हुई है। शाम चार बजे दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 416 दर्ज किया गया।

शाह से मिले फड़णवीस

महाराष्ट्र में जल्द से जल्द सरकार बनाने की जरूरत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को पार्टी अध्यक्ष एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात करने के बाद कहा कि राज्य में जल्द से जल्द सरकार बनाने की जरूरत है।

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मुझे यकीन है, मुझे विश्वास है कि सरकार बनेगी। इसके बाद उन्होंने भाजपा के महासचिव भूपेन्द्र यादव से भी मुलाकात की, जो महाराष्ट्र चुनाव के प्रभारी थे। पिछले विधानसभा चुनाव के विपरीत भाजपा और शिवसेना ने यह चुनाव मिलकर लड़ा था। भाजपा ने इस बार 105 सीटें जीती जबकि शिवसेना 56 सीटों पर विजेता रही। मुख्यमंत्री पद को लेकर दोनों दलों के बीच खींचतान जारी है।

राज्यपाल से मिले राउत बोले- हम सरकार बनाने में रोड़ा नहीं

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के करीब दो सप्ताह बाद भी राजनीतिक गतिरोध खत्म न होने के बीच राज्यपाल के साथ मुलाकात के बाद शिवसेना के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी राज्य में सरकार गठन के लिए कोई बाधा पैदा नहीं कर रही है। राउत ने कहा कि जिसके पास भी बहुमत है उसे सरकार बनाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

सोनिया गांधी से पवार ने की मुलाकात

महाराष्ट्र में सरकार बनाने को लेकर जहां बीजेपी और शिवसेना के बीच अब तक कोई सहमति नहीं बन पाई है, वहीं एनसीपी और कांग्रेस भी पूरे मामले पर कहीं कोई चूक करने के मूड में नहीं है। एनसीपी नेता शरद पवार कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलने पहुंचे हैं। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रम पर बात होगी। साथ ही बीजेपी और शिवसेना के बीच गतिरोध बढ़ने की स्थिति में दोनों दलों की क्या भूमिका होगी, इस पर भी चर्चा संभव है।

भारत आरसीईपी समझौते में शामिल नहीं होगा: मोदी

नई दिल्ली। भारत ने रीजनल कॉम्प्रिहंसिव इकनॉमिक पार्टनरशिप (आरसीईपी) में शामिल न होने का फैसला लिया है। इस समझौते में अनसुलझे मुद्दों के कारण भारत ने इस पार्टनरशिप से बाहर रहना ही सही समझा। आरसीईपी समिट में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आरसीईपी के तहत कोर हितों पर कोई समझौता नहीं होगा। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने सभी भारतीयों के हितों के संबंध में आरसीईपी समझौते को मापा, लेकिन मुझे कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। न तो गांधीजी के सिद्धांतों ने और न ही मेरी अंतरात्मा ने मुझे आरसीईपी में शामिल होने की अनुमति दी।

श्रीनगर में आतंकवादियों ने फेंका ग्रेनेड, एक की मौत, 13 घायल

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

आतंकवादियों ने श्रीनगर के हरि सिंह हाई स्ट्रीट बाजार में सोमवार की दोपहर एक ग्रेनेड फेंका जिससे एक नागरिक की जान चली गई और 13 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायल लोगों को निकटवर्ती एसएमएचएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दो लोगों की हालत गंभीर है। हमला भीड़-भाड़ वाले हरि सिंह हाई स्ट्रीट बाजार में दोपहर करीब एक बजकर 20 मिनट पर हुआ। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर ली है। गौरतलब है कि 12 अक्टूबर को हुए एक ऐसे ही ग्रेनेड हमले में पांच लोग घायल हो गए थे।

- हमला भीड़-भाड़ वाले हरि सिंह हाई स्ट्रीट बाजार में हुआ
- घायलों को निकटवर्ती अस्पताल में कराया गया भर्ती
- सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर ली

नीतीश सरकार ने 15 साल पुराने वाहन पर लगाया बैन

पटना। पटना में नहीं चलेंगे पुराने कॉमर्शियल वाहन15 साल पुराने वाहनों की प्रदूषण जांच अनिवार्य देश की राजधानी दिल्ली ही नहीं, कई अन्य शहर भी प्रदूषण की चपेट में हैं। बिहार की राजधानी पटना की हवा भी खराब हो गई है। राजधानी जब प्रदूषण की जद में आया, तब सरकार हरकत में आई। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर आपात बैठक बुलाई और आलाधिकारियों के साथ प्रदूषण पर लगाम लगाने के उपायों पर चर्चा की। बैठक के बाद नतीजा पुराने वाहनों पर बैन के रूप में सामने आया। सरकार ने प्रदेश में बढ़ते प्रदूषण से निपटने के लिए 15 वर्ष से अधिक पुराने सरकारी वाहनों पर प्रतिबंध की घोषणा कर दी। हालांकि सरकार ने निजी और व्यावसायिक वाहनों के साथ थोड़ी रियायत बरती है।

करतारपुर साहिब

इमरान ने पहला पास सिद्धू को भेजा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने करतारपुर साहिब के लिए पहला पास कांग्रेस के नेता नवजोत सिंह सिद्धू को दिया है। ये पास पाकिस्तान हाई कमीशन की ओर से जारी किया गया है। पास के साथ पाक प्रधानमंत्री इमरान खान का निमंत्रण भी है। इमरान खान करतारपुर कॉरिडोर का 9 नवंबर को उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने के लिए इमरान ने सिद्धू को निमंत्रण भेजा है। सिद्धू उद्घाटन समारोह में शामिल भी होना चाहते हैं। उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर और पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर से पाकिस्तान जाने की इजाजत भी मांग चुके हैं। सिद्धू ने दोनों नेताओं को चिट्ठी लिखी है। इससे पहले 30 अक्टूबर को पाकिस्तान ने नवजोत सिंह सिद्धू को करतारपुर कॉरिडोर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा। पाकिस्तानी सीनेटर फैसल जावेद खान ने प्रधानमंत्री इमरान खान के निर्देश पर नवजोत सिंह सिद्धू से फोन पर बातचीत की और उन्हें 9 नवंबर को पाकिस्तान बुलाया है।

Gonatural आयुर्वेदिक औषधि
crueltyfree andvegan

अब पाइए अपने चेहरे के कील और मुँहासे दूर करने का एक प्राकृतिक उपाय

शरीर में आवश्यक विटामिन्स् की कमी, मेकअप के लिए गलत/निम्न दर्जे की क्रीम का उपयोग, अपचन, अधूरी नींद, हार्मोनल चेंजेस आदि अनेक कारणों से चेहरे पर फुन्सियाँ, कील-मुँहासे, फोडे होने से परिणामस्वरुप त्वचा निस्तेज हो जाती हैं। इससे बचाव का प्रभावी उपाय है विको टरमरिक WSO स्किन क्रीम। यह आयुर्वेदिक औषधि त्वचा में फुन्सियाँ, कील-मुँहासे, फोडे के निवारण और उपचार में लाभकारी है। इस क्रीम को हलके हाथों से चेहरे पर धीरे-धीरे रोज़ाना २ से ३ बार लगाए और कुछ ही दिनों में अपनी त्वचा में कांति एवं तेज में बढ़ोतरी होने का एहसास आप स्वयं करें...वह भी बिना किसी साइड इफेक्टस् के...!

त्वचा का कालापन

आयुर्वेद में हल्दी के अलौकिक औषधीय गुणों व विशेषताओं का वर्णन किया है। इसे त्वचा की देखभाल, पोषण, रक्षण एवं सौंदर्यवर्धन के लिए प्रतिपादित किया गया है। विको टरमरिक WSO स्किन क्रीम में मौजूद गुणकारी हल्दी से त्वचा पर बालों के पास में होनेवाला कालापन दूर होकर त्वचा सतेज व चमकदार दिखने लगती है।

*M.R.P. (Incl. of all Taxes) ~~₹60~~/- Now ₹48/- Net Weight 30g.
**M.R.P. (Incl. of all Taxes) ~~₹30~~/- Now ₹29/- Net Weight 15g.
• Offer valid till stocks last
• Stocks also available without offer
• Available in select states/cities

www.viccolabs.com • Like us on /ViccoLabs • Shop online at www.viccoestore.com • Customer Care Cell No. 0712-2420890

RSPL EVOLUTION IS CONSTANT
घड़ी डिटर्जेन्ट

सप्लाई और सर्विस से सम्बन्धित कोई भी शिकायत हो तो सम्पर्क करें. RSPL CARE 1800 120 2800

वकील-पुलिस विवाद : प्रदर्शनकारी वकीलों ने पेट्रोलिंग पर निकले पुलिसकर्मी को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पुलिसकर्मी की पिटाई का वीडियो हुआ वायरल
- कड़कड़डूमा कोर्ट के बाहर भी प्रदर्शनकारी वकीलों ने बाइक सवार को पीटा

तीस हजारी कोर्ट में वकीलों और पुलिस के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद सोमवार को दिल्ली की हाई कोर्ट व सभी छह जिला अदालतों के वकीलों ने हड़ताल रखी और कई जगह प्रदर्शन किया। साकेत कोर्ट के बाहर वकीलों ने पेट्रोलिंग बाइक पर सवार एक पुलिसकर्मी को पीट दिया। किसी तरह से पुलिसकर्मी वहां से अपनी जान बचाकर भागा। कड़कड़डूमा कोर्ट के बाहर भी इसी प्रकार की घटना सामने आई। यहां एक बुलेट सवार युवक को वकीलों के गुस्से का शिकार होना पड़ा। युवक को अपनी बुलेट तक छोड़कर भागना पड़ा। दोनों ही घटनाओं का वीडियो भी वायरल हुआ है। उधर पुलिस दोनों ही मामलों की जांच की बात कह रही है।

साकेत कोर्ट के बाहर का एक वीडियो सामने आया है। इसमें एक वकील बाइक सवार पुलिसवाले को मार रहा है। पुलिसवाला वहां से अपनी बाइक निकालने की कोशिश करता है। विडियो में आगे वकील पुलिसवाले की बाइक पर हेलमेट भी फेंककर मारता है। कड़कड़डूमा कोर्ट में भी वकीलों और पुलिस के बीच तीस हजारी कोर्ट जैसी झड़प हुई। यहां कोर्ट परिसर के बाहर एक युवक को पीटते वकील नजर आये। युवक को डंडे से बुरी तरह से मारा गया। शनिवार और सोमवार को हुई वकीलों और पुलिस की हिंसक झड़प की चौतरफा आलोचना हो रही है। सोशल नेटवर्किंग साइट पर ज्यादातर लोग इन घटनाओं को वकीलों की गुंडागर्दी बताकर खिंचाई कर रहे हैं। पुलिसकर्मियों को पीटा जाना किसी को तर्कसंगत नहीं लग रहा है। गौरतलब है कि तीस हजारी अदालत परिसर में शनिवार दोपहर वकीलों और पुलिस के बीच झड़प हो गई थी। इसमें 10 पुलिसकर्मी और कई वकील घायल हो गए थे व 17 वाहनों में तोड़फोड़ की गई थी। वकीलों का दावा है कि उनके चार सहकर्मी घायल हुए, जिनमें एक वकील पुलिस की गोली लगने से घायल हुआ है। मामले में हाई कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुये रविवार को स्वतः संज्ञान लेते हुये न्यायिक जांच की बात कहीं। दो सीनियर अफसरों के ट्रांसफर के आदेश भी कोर्ट ने दिये हैं। मामले में चार केस पुलिस ने दर्ज किये है वहीं दो एएसआई पर भी इस मामले में गाज गिर चुकी है।

पुलिस कर्मियों का प्रदर्शन मात्र अफवाह : मित्तल

नई दिल्ली। पुलिस और वकील के बीच विवाद के बाद सोमवार को सोशल मीडिया पर एक मैसेज आग की तरह फैल गया। मैसेज में दिल्ली पुलिस द्वारा पांच और छह नवंबर को काम बंद कर आइटीओ स्थित पुराने दिल्ली पुलिस मुख्यालय पर प्रदर्शन की बात लिखी थी। इतना ही नहीं कुछ पुलिस कर्मियों ने व्हाट्स एप्प पर प्रदर्शन करने का स्टेटस भी लगाया हुआ था। एडिशनल पीआरओ व एसीपी अनिल मित्तल ने प्रदर्शन की बात को खारिज किया है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने एडवाइजरी जारी कर पुलिस कर्मियों को कैदियों को वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा कोर्ट में पेश करने की योजना तैयार करने के निर्देश दिये है।

हंसराज हंस के कार्यालय पर कार सवार ने की फायरिंग

- कार्यालय का शीशा टूटा

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। रोहिणी नार्थ थाना इलाके में कार सवार एक युवक ने सांसद हंसराज हंस के कार्यालय के बाहर फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान कार्यालय का शीशा टूट गया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने एक गोली कार्यालय पर, जबकि दो हवा में चलाई। इसके बाद आरोपी कार में बैठकर फरार हो गया। गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस दावा कर रही है कि सीसीटीवी की मदद से आरोपी की पहचान कर ली है, जल्द उसे गिरफ्तारी कर लिया जाएगा। डीसीपी (रोहिणी) एसडी मिश्रा ने बताया कि 6:45 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक अज्ञात युवक ने सांसद हंसराज हंस के रोहिणी सेक्टर-सात स्थित कार्यालय में गोलीबारी की है। सूचना मिलते ही लोकल पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पाया कि कार्यालय में लगे शीशे का गेट टूटा पड़ा है। पूछताछ में लोगों ने बताया कि हमलावर युवक केसरिया कुर्ता और सफेद पायजामा पहन कर कार से यहां पहुंचा। युवक नशे में लग रहा था। कार से उतरने के बाद उसने गाली गलौज की और फिर पिस्टल निकालकर कार्यालय के गेट की तरफ एक गोली चला दी। उसके बाद आरोपी दो गोली हवा में फायर करने के बाद कार में बैठकर फरार हो गया।

राजस्थान और चंडीगढ़ में की थी दो की हत्या, अरेस्ट

नई दिल्ली। स्पेशल सेल ने राजू बसोड़ी, लॉरेंस बिश्नोई और संपत नेहरा गैंग के कुख्यात बदमाश मंजीत उर्फ राहुल (20) को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजस्थान और चंडीगढ़ के दो मर्डर केस के अलावा कई जघन्य अपराध में शामिल रहा है। इसके पास से एक .32 बोर की पिस्टल व तीन कारतूस बरामद किये गये हैं। डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार मंजीत सोनीपत के फरमाना गांव का रहने वाला है। स्पेशल सेल की टीम ने रविवार को अंबराही मोड, द्वारका से इसे गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी इसी साल 9 मई को चूरू, राजस्थान में सुरेंद्र जाडिया नामक ट्रांसपोर्टर की हत्या में शामिल रहा है। इस अपराध में इसके साथ पवन उर्फ तोतला और जितेंद्र उर्फ फौजी भी शामिल था। ट्रांसपोर्टर की सुपारी संपत नेहरा ने 50 लाख रुपये में उठाई थी। इसके बाद राजू बसोड़ी के निर्देशों पर मर्डर किया गया था। इसी साल अगस्त में पंजाब के शेरावालां गांव के नजदीक एक प्रधान की हत्या जग्गा पहलवान, पवन और जितेंद्र के साथ मिलकर की थी। इस वारदात के समय दोनों तरफ से क्रॉस फायर किये गये थे। इनका साथी जग्गा पहलवान भी मारा गया था।

कोकीन के साथ नाइजीरियाई गिरफ्तार

नई दिल्ली। द्वारका जिले की एंटी नारकोटिक्स स्कवायड ने एक नाइजीरियाई नागरिक को कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाइजीरियाई के पास से 150 ग्राम कोकीन बरामद की है। इसकी अंतर्राष्टीय बाजार में कीमत डेढ़ करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी को द्वारका मोड़ इलाके से उस वक्त गिरफ्तार किया जब वह कोकीन डिलीवर करने पहुंचा था। पुलिस के अनुसार ओरजी ईगेने जीडियोफर 2015 के जनवरी माह में तीन महीने के वीजा पर भारत आया था। लेकिन वह वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी अवैध रूप से भारत में रहता रहा। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से पुलिस को उसका दो दिन का रिमांड मिला है।

भजनपुरा इलाके में रोड़रेज मामले में दो भाइयों को पीटा

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। भजनपुरा थाना इलाके में रोड़ रेज मामले में दो सगे भाइयों को पीटने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अनुज की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, अनुज, भजनपुरा इलाके में सपरिवार रहता है। वह प्राइवेट नौकरी करता है। शनिवार शाम काम से लौटने के बाद वह घर के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर रहा था। उसी दौरान एक अन्य बाइक सवार युवक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अनुज की बाइक नाली में गिर गई। अनुज ने इसका विरोध किया तो आरोपी उससे बहस करने लगे। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने दोनों को शांत कर दिया और अपने-अपने घर भेज दिया। कुछ देर बाद आरोपी अन्य लड़कों के साथ आया और उसने अनुज व उसके भाई की पिटाई कर दी। इस दौरान पीडितों के परिजनों ने छत से गमले फेंककर दोनों भाइयों की जान बचाई। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपियों के जाने के बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी।

कपड़े के गोदाम में लगी आग, पिछला हिस्सा ढहा

नई दिल्ली। पीरागढ़ी इलाके में रविवार देर रात एक कपड़े के गोदाम में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की 25 गाडियां पहुंच गई। विभाग ने कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने के दौरान तीन दमकलकर्मी जख्मी हो गए। घायलों का नाम लाल मीणा, प्रवेश और धर्मवीर है। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। आगजनी में गोदाम का पिछला हिस्सा जमीनोजद हो गया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। दमकल विभाग के अधिकारी अतुल गर्ग ने बताया रामलीला ग्राउंड पीरागढ़ी में देर रात करीब 12:25 बजे आग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकल विभाग के 25 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। घंटो चले ऑपरेशन के बाद सोमवार दिन में आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया।

महिला आर्किटेक से छेड़छाड़ व बदसलूकी

नई दिल्ली। दक्षिण जिले के नेबसराय थाना अंतर्गत सैनिक फार्म एरिया में एक महिला आर्किटेक से छेड़छाड़ व बदसलूकी की घटना सामने आई है। घटना के समय महिला अपनी कार से घर लौट रही थी, जहां बीच रास्ते उनका कुछ युवकों से सामना हुआ था। घटना रविवार शाम की है। महिला की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित महिला ने कहा कि वह सैनिक फार्म एरिया में रहती है। रविवार शाम करीब सात बजे वह अपनी लग्जरी कार से ऑफिस से घर लौट रही थी। एन ब्लॉक सैनिक फार्म रोड पर उनकी गाड़ी के आगे कुछ युवक चल रहे थे। उन्होंने हॉर्न बजाया लेकिन वे आगे से नहीं हटे। इसके बाद उन्होंने कार का शीशा नीचे कर उन्हें आगे से हटने और सड़क किनारे चलने की हिदायत दी। इस बात को लेकर युवक उनसे उलझ गये। एक युवक ने उनकी गाड़ी में हाथ डालते हुए उनसे शारीरिक छेड़छाड़ की कोशिश की और मुंह पर घूसा मार दिया। आखिरकार, वह किसी तरह गाड़ी लेकर वहां से निकल गई और आगे जाकर अपने गार्ड को इस घटना की सूचना दी। पीड़ित महिला का यह भी कहना है कि इस घटना के बाद उन्होंने 100 और 112 नंबर पर कॉल किये लेकिन नेटवर्क व्यस्त आता रहा। उन्होंने पुलिस को आरोपियों का हुलिया भी बताया है।

शीघ्रपतन
स्त्री के सामने लज्जित होना बचपन की गलतियां

जोश आने पर वीर्य (राल) का निकलना, निराश न हो, खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करें मनचाही इन्द्री वृद्धि, मनचाही यौन क्षमता, तुष्टि-पुष्टि संतुष्टि के लिए अभी फोन करें या आज ही मिलें।
स्थापित 1929
हाशमी दवाखाना
काज़ीज़ादा, अमरोहा
9027281900
9997161320

गुमशुदा की तलाश


ज्ञान सिंह

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम: **ज्ञान सिंह** पुत्र **मंजु सिंह** पता **मकान नं. ए–108/109, चंदर विहार, निलोठी, दिल्ली,** जो थाना निहाल विहार क्षेत्र से दिनांक **29.09.2019** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में डीडी संख्या **43–ए** दिनांक **19.10.2019** को थाना **निहाल विहार, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस व्यक्ति का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

लिंग: पुरूष, **आयु:** 50 वर्ष, **कद:** 5'6" फीट, **रंग:** गेहुंआ, **चेहरा:** लम्बा, **पहनावा:** आसमानी रंग की शर्ट–पैन्ट (ऑटो ड्राइवर की वर्दी) और पैरों में चप्पल पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लड़के के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

थाना प्रभारी
थाना निहाल विहार, दिल्ली
फोन नं.–011–25946700,25946710
मो. नं.: 7065036129

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
टेली. नं.: 011-24368638/24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

DP/2826/OD/19

म्यूजिक की आवाज कम करने के लिए ट्रक चालक को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- भाई को पिटता देख बचाने आया तो उस पर भी किया हमला

हर्ष विहार थाना इलाके में म्यूजिक की आवाज कम करने के लिए कहने पर एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर ट्रक चालक की डंडों व लात-घूंसो से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं पीड़ित का भाई जब उसे बचाने आया तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने विपिन कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, विपिन, मंडोली एक्सटेंशन में सपरिवार रहते हैं। वह पेशे से ट्रक चालक हैं। शनिवार रात वह अपनी गाड़ी से इंडस्ट्रियल इलाके में जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें तेज आवाज में म्यूजिक सुनाई दिया। कुछ दूरी पर जाकर उन्होंने देखा कि आवाज एक छोटे हाथी में से आ रही थी। इस पर उन्होंने छोटे हाथी के चालक को म्यूजिक की आवाज कम करने के लिए कहा। इतना कहते ही चालक उस पर भड़क गया और दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। कहासुनी के बाद दोनों अपने-अपने घर चले गए। दोनों एक दूसरे को जानते थे। कुछ देर बाद आरोपी अपने साथियों के साथ विपिन के घर पहुंच गया। यहां उसने विपिन को घूंसों और डंडों से पीटना शुरू कर दिया। विपिन की आवाज सुनकर उसका भाई उसे बचाने आया तो आरोपी ने उसे भी पीट दिया।

सिख विरोधी दंगा मामला

न्यायालय करेगा सज्जन कुमार की जमानत याचिका पर विचार

एजेंसी. नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय कांग्रेस नेता सज्जन कुमार की जमानत याचिका पर तत्काल सुनवाई के अनुरोध पर विचार करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कुमार को 1984 के सिख विरोधी दंगा मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अगुवाई वाली एक पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर नफाड़े के उस कथन का संज्ञान लिया जिसमें उन्होंने कहा था कि कुमार की जमानत याचिका पर तत्काल सुनवाई की जानी चाहिए। कुमार के वकील ने जमानत की अर्जी सुनवाई के लिए शीघ्र सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया तो पीठ ने कहा ''हम इस पर गौर करेंगे। सज्जन कुमार ने सिख विरोधी दंगों से संबंधित मामले में उन्हें उम्र कैद की सजा सुनाने के उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे रखी है। कांग्रेस के पूर्व नेता ने न्यायालय से अनुरोध किया है कि उनकी अपील लंबित रहने के दौरान उन्हें जमानत दी जाये। उच्च न्यायालय से दोषी ठहराए जाने के बाद कुमार (73) ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। वह फिलहाल जेल में हैं। कुमार को 1984 में एक-दो नवंबर को दक्षिण पश्चिम दिल्ली के राज नगर एक में सिख समुदाय के पांच लोगों की हत्या और राजनगर दो में एक गुरुद्वारे को जलाए जाने के मामले में दोषी ठहराया गया था।

आर्थिक तंगी से जूझ रहा था गैंग

हथियारों की थी जरूरत तो लूट की वारदात को अंजाम देने निकल पड़े बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पिस्टल, पांच कारतूस, चाकू व बाइक बरामद
- सोनू दरियापुर गिरोह के सदस्य है दोनों बदमाश

कुख्यात बदमाश सोनू दरियापुर के कहने पर उसके गैंग के सदस्य इलाके में लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए निकले। वारदात को अंजाम देने से पहले ही पुलिस ने दोनों बदमाशों को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उनके गिरोह को हथियार की जरूरत थी और उनके पास रुपये नहीं थे। इसलिए वह पिस्टल लेकर वारदात करने के लिए निकले थे। आगे उन्होंने बताया कि हथियार खरीदने के बाद वे अपराध और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देकर आपराधिक दुनिया में फिर से अपना दबदबा स्थापित करना चाहते थे। गिरफ्तार आरोपियों के नाम संदीप उर्फ रवि (25) और सन्नी उर्फ प्रिंस (19) है। पुलिस की माने तो दोनों आरोपी सोनू दरियापुर गैंग के सदस्य है और इन पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इनके पास से पिस्टल, पांच कारतूस, चाकू और बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी (रोहिणी) एस डी मिश्रा के मुताबिक, हथियार के बल पर बेगमपुर इलाके में लगातार हो रही स्नैचिंग और रॉबरी को देखते हुए एक टीम का गठन किया गया। टीम में एएसआइ नीरज राणा, हेड कांस्टेबल यशपाल, कांस्टेबल विकास और प्रमोद मौजूद रहें। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम ने इलाके में जगह-जगह छापेमारी की। इसके अलावा तेज रफ्तार में बाइक चलाने वालों की भी जांच की। इसी बीच पुलिस टीम ने रोहिणी सेक्टर-24, पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार दो युवकों को तेज रफ्तार में जाते हुए देखा। चालक व उसके साथी ने अपने चेहरे को छुपाने के लिए हेलमेट पहना हुआ था। संदिग्ध लगने पर पुलिस टीम ने उनका पीछा कर उन्हें रोका। तलाशी लेने पर पुलिस को उनके पास से पिस्टल, पांच कारतूस और एक चाकू मिला। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह अपने गैंग के लीडर सोनू दरियापुर के कहने पर अपराध को अंजाम देने के लिए आये थे। फिलहाल सोनू जेल में बंद है। आगे उन्होंने बताया कि सोनू जेल में रहकर ही अपने गैंग को ऑपरेट करता है। उसके कहने पर ही गैंग के सदस्य कार-जैकिंग, अपहरण, फिरौती, डकैती, हत्याओं जैसी संगीन वारदातों को अंजाम देते है। फिलहाल जांच में पुलिस को पता चला कि संदीप पर पांच मामले दर्ज है और सन्नी ने हालही में गैग ज्वॉइन किया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

खबर संक्षेप

जेएनयू में फिर बवाल, सीआरपीएफ तैनात

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में हॉस्टल फीस बढ़ोतरी को लेकर छात्रों का प्रदर्शन जारी है। वाइस चांसलर के खिलाफ छात्र गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाने वसंत कुंज थाने जा रहे थे। तभी छात्रों को जेएनयू कैंपस के गेट पर तैनात सीआरपीएफ और दिल्ली पुलिस के जवानों ने रोक लिया। इसके बाद छात्र कैंपस के अंदर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले कई दिनों से हॉस्टल फीस बढ़ोतरी के खिलाफ छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों के प्रदर्शन के मद्देनजर सोमवार को कैंपस में सीआरपीएफ की तैनाती की गई। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि वीसी आंदोलन को कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, प्रॉक्टर का कहना है कि हमने सीआरपीएफ को नहीं बुलाया।

मुकेश शर्मा बने प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक मुकेश शर्मा को मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया है। साथ शर्मा को मीडिया कम्यूनिकेशन विभाग का चेयरमैन के पद की जिम्मेदारी भी सौंपी है। पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद शर्मा ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा से निभाएगें। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा के नेतृत्व में व कैंपेन कमेटी के अध्यक्ष कीर्ति आजाद सानिंध्य में कांग्रेस आम आदमी पार्टी को जड़ से उखाड़ फेंकेगी।

महापौर सिंह ने इराक के राजदूत से की मुलाकात

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली निगम के महापौर अवतार सिंह ने इराक के राजदूत डॉ. फ्लाह. ए. अब्दूल्लाहसादा से इराकी दूतावास में मुलाकात की। गुरुनानक जी के 550वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में उत्तरी दिल्ली के महापौर अवतार सिंह व अंतराष्ट्रीय सिख काउंसिल के अध्यक्ष मुखतियार सिंह बगदाद स्थित श्री गुरुनानक देव जी के ऐतिहासिक स्थान के पुर्ननिर्माण के लिए जा रहे हैं। इस संबंध में चर्चा के लिए उन्होंने इराक के राजदूत से मुलाकात की। अवतार सिंह ने बताया कि इस से दोनों देशों के संबंधों में मजबूती आएगी और आपसी भाईचारा बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि यह यात्रा पांच दिन की होगी और इस यात्रा के दौरान वे श्री गुरुनानक देव जी के ऐतिहासिक स्थान के पुर्ननिर्माण कार्य की शुरूआत करेंगे।

बर्खास्त अभियंता खोलेंगे प्रशासन के खिलाफ मोर्चा

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने गत माह की 31 तारीख को भ्रष्टाचार के आरोप में भवन विभाग के 38 अभियंताओं को बाहर का रास्ता दिखाया था जिसको लेकर सोमवार को सिविक सेंटर में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मौजूद निगम अभियंताओं ने निगम प्रशासन की मनमानी पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनका निगम प्रशासन के खिलाफ मोर्चा जारी रहेगा और जरूरत पड़ी तो वे कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाने में पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान उन्होंने निगम में आलाधिकारियों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि हटाए गए सभी अभियंताओं की बहाली को लेकर उपराज्यपाल के यहां सभी एकत्र होकर धरना देंगे। इसको लेकर जल्द ही बैठक बुलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सहयोग के लिए दिल्लीवासियों का आभार जताया

राजधानी के लोगों ने किया ऑड-ईवन का समर्थन, पहले दिन कटे करीब 250 चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदूषण पर लगाम लगाने के प्रयासों के तहत सोमवार को सुबह आठ बजे से शुरू हुई वाहनों की ऑड-ईवन योजना के चलते सड़कों पर गाड़ियों की संख्या अपेक्षाकृत कम नजर आई। सोमवार को सिर्फ ऑड संख्या वाली गाड़ियां ही चल रही हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे अपने परिवार और बच्चों की खातिर इस योजना का पालन करें। केजरीवाल ने कहा कि मुझे सूचना मिल रही है कि लोग इस योजना का करीब करीब 100 प्रतिशत पालन कर रहे हैं और केवल कुछ ही चालान काटे गए हैं। मैं दिल्लीवासियों के योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। हाल ही में हमने डेंगू को हराया है और अब बारी राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण कम करने की है। सड़कों पर कम संख्या में यातायात पुलिस के कर्मियों की तैनाती संबंधी प्रश्न में उत्तर में उन्होंने कहा कि उन्हें इस पहल में मदद करनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर वह इस बारे में एलजी से बातचीत कर सकते हैं।

फोटो : छत्र सिंह

दो घंटे सड़कों पर रहा, योजना का अनुपालन किया जा रहा: गहलोत

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि मैं करीब दो घंटे तक दिल्ली की सड़कों पर रहा और मैं खुश हूं कि योजना का अनुपालन किया जा रहा है। अधिकतर वाहन ऑड संख्या वाले थे। मैं सभी दिल्ली वालों का, सहयोग के लिये शुक्रिया अदा करता हूं। इस योजना के तहत जिन श्रेणियों के वाहनों को छूट प्राप्त है उन्हें छोड़कर आज सिर्फ वही चार पहिया गाड़ियां सड़कों पर चलेंगी जिनकी पंजीकरण संख्या का आखिरी अंक ऑड है।

कई जगह नहीं थे स्वयंसेवक

दिल्ली सरकार की ऑड-ईवन योजना के पहले दिन प्रशासन की तरफ से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-1 स्थित कुंडली-सिंघू बॉर्डर पर किए गए प्रबंध निजी वाहन चालकों ने नाकाफी बताए। दिल्ली में करीब पांच किमी अंदर प्रवेश के बाद अलीपुर शनिमंदिर की लाल बत्ती चौक पर जब सिविल डिफेंस के स्वयं सेवकों ने वाहन चालकों को उनके ऑड अंक नंबर वाले वाहन के बारे में बताया तब जाकर उन्हें गलती का अहसास हुआ। हालांकि वहां मौजूद दिल्ली परिवहन विभाग की टीम ने पहला दिन होने के चलते नरमी बरतते हुए चालकों को राहत दी और जुर्माने से बचने के लिए उन्हें आसपास में ही वाहन को पार्क करने की सलाह दी।

प्रदूषण : केंद्र और आप सरकार के बीच वाकयुद्ध

केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर वाकयुद्ध में उलझी रही। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने आप सरकार पर प्रदूषण से निपटने के बजाय अपना प्रचार करने को लेकर प्रहार किया। आप ने उन्हें चुनौती दी कि यदि उसने अपने विज्ञापन के लिए बजट से एक भी पैसा लिया है तो वह उसे साबित कर दिखाएं। दिल्ली-एनसीआर 27 अक्टूबर को दिवाली के दिन से गहरे धुंध की चपेट में है। यहां एक कार्यक्रम में जावडेकर ने यह सवाल करते हुए अरविंद केजरीवाल सरकार पर प्रहार किया कि क्या दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर वायु प्रदूषण पर लक्षित केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशों का पालन कर रही है। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए जावडेकर ने कहा कि उनका मंत्रालय पराली जलाने से फैले प्रदूषण को लेकर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के साथ कई बैठकें कर चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण वाकई एक समस्या है। जब मैं मंत्री बना तब मैंने इस मुद्दे पर सभी पांच राज्यों की कई बैठकें बुलायीं। सात आठ बैठकें पहले ही हो चुकी हैं। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के हाल के इस बयान पर कि पराली जलाने पर रोक के लिए केंद्र द्वारा दी गयी 40,000 मशीनों से 22 लाख किसानों को मदद नहीं मिल सकती है।

निजी बसों ने दी राहत, ग्रामीण क्षेत्रों में कम रही सर्विस

नई दिल्ली। ऑड ईवन के पहले दिन सोमवार को कई जगहों पर दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) बसों के लिए लोग इंतजार करते रहे। हालांकि डीटीसी का दावा है कि उसने शत प्रतिशत बसों को सड़कों पर उतारा है। बसों कमी से सबसे ज्यादा दिल्ली देहात के दूरदराज के क्षेत्र परेशान हुए। जैसे नरेला, होलंबी, खेड़ा खुर्द, पुठ, नजफगढ़, मुगेंशपुर, सन्नौठ, बांकनेर, घुम्मनहेड़ा, झुलझुली, टेवड़ा, गोयला डेयरी, मित्रांउ आदि गांवों के लोगों को बसों की कमी झेलनी पड़ी। वहीं नई दिल्ली के मुख्य क्षेत्रों में निजी बसें जो डीटीसी के तहत चल रही थी उनमें भीड़भाड़ कम रही। कई लोग ऐसे भी जिन्हें इन निजी बसों के डीटीसी के तहत चलने की जानकारी भी नहीं थी।

गहलोत ने मांगा गोयल से सहयोग

नई दिल्ली। ऑड-ईवन योजना की शुरूआत के पहले दिन जमकर सियासत भी हुई। भाजपा नेता व सांसद विजय गोयल ने जहां ऑड-ईवन का विरोध करते हुए ऑड नंबर की गाड़ी सड़क पर उतारी वहीं परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत उन्हें समझाने उनके घर पहुंच गए। इस दौरान दोनों के बीच करीब 15-20 मिनट की बातचीत हुई। विजय गोयल का चालान कटने के बाद परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत उनके घर पहुंचे गए। हालांकि जिस पर गहलोत विजय गोयल के घर पहुंचे उस समय विजय गोयल घर पर नहीं थे। लेकिन फोन पर सूचना मिलने के साथ ही वह तुरंत ही घर पहुंच गए। गहलोत ने गोयल से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया और प्रदूषण के खिलाफ जंग में सहयोग मांगा।

नियम के उल्लंघन पर लगा 4 हजार का जुर्माना

नई दिल्ली। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि ऑड-ईवन योजना लागू होने के पहले दिन सोमवार को नियम के उल्लंघनों को लेकर करीब 255 चालान काटे गये। उन्होंने दिल्ली के लोगों को नियम का पालन करने के लिए धन्यवाद देते हुये कहा कि यह योजना पहले दिन सफल रही। दिल्ली यातायात पुलिस ने 233 चालान जारी किए, जबकि परिवहन और राजस्व विभाग की टीमों ने क्रमशः 15 और 7 चालान जारी किए। ऑड-ईवन नियम का उल्लंघन करने पर 4,000 रुपये का जुर्माना है। यह योजना 15 नवंबर तक सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक लागू रहेगी। सिसोदिया ने कहा कि ऑड-ईवन योजना सहित विभिन्न कारणों से दिल्ली में वायु की गुणवत्ता में पिछले दिन की तुलना में सोमवार को सुधार हुआ है।

प्रदूषण पर हषवर्धन का सुझाव 'गाजर खाओ स्वस्थ रहो'

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और उसके आस-पास छाए जबरदस्त धुंध व प्रदूषण से निपटने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने नायाब तरीका सुझाया है। भारी हाहाकार के बीच उन्होंने अपने एक ट्वीट के माध्यम से कहाकि 'गाजर खाओ और स्वस्थ रहो'। बता दें कि राजधानी व आसपास कई जिलों की हवा में इस वक्त जहर घुल गया है और लोगों को सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। पर्यावरण वैज्ञानिकों व चिकित्सकों द्वारा लोगों को सावधान रहने के लिए कहा जा रहा है। ऐसे में पेशे से चिकित्सक रहे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने इस खतरनाक प्रदूषण से निपटने के लिए एक अनोखा सुझाव देते हुए लोगों से कहा है कि वे ज्यादा से ज्यादा गाजर का सेवन करें। उन्होंने कहाकि गाजर में विटामिन ए, पोटैशियम और ऐंटी ऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा होती है और इसके खाने से प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है।

सीएम और मंत्री कार पूल कर, डिप्टी सीएम साइकिल से पहुंचे सचिवालय

नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए सोमवार से शुरू हुई ऑड-ईवन स्कीम के पहले दिन दिल्ली सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों ने भी योजना का पालन किया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे अपने परिवार और बच्चों की खातिर इस योजना का पालन करें। केजरीवाल ने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन और श्रम मंत्री गोपाल राय के साथ कार पूल की और दिल्ली सचिवालय पहुंचे। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया अपने घर से साइकिल चलाकर सचिवालय पहुंचे। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत अपने ओएसडी की कार से सचिवालय पहुंचे। इनके अलावा समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम मेट्रो से सचिवालय पहुंचे। वहीं केजरीवाल ने सुबह एक ट्वीट कर कहा कि नमस्ते दिल्ली! प्रदूषण कम करने के लिए से ऑड-ईवन शुरू हो रहा है। अपने लिए, अपने बच्चों की सेहत के लिए और अपने परिवार की सांसों के लिए ऑड-ईवन का जरूर पालन करें। कार शेयर करें। इस से दोस्ती बढ़ेगी, रिश्ते बनेंगे, पेट्रोल बचेगा और प्रदूषण भी कम होगा। उन्होंने ऑटो और टैक्सी चालकों से भी अपील की कि वे यात्रियों से ज्यादा किराया न वसूलें। मुख्यमंत्री ने उनसे योजना में भागीदारी का अनुरोध किया।

पहले दिन मेट्रो ने किया परेशान

नई दिल्ली। ऑड-ईवन के पहले ही दिन सोमवार को दिल्ली मेट्रो ने यात्रियों को भारी परेशान किया। द्वारका-नोएडा (ब्लू) लाइन पर आई तकनीकी खराबी ने डीएमआरसी के उस स्लोगन की हवा निकाल दी जिसमें उन्होंने लिखा था कि इस ऑड-ईवन मेट्रो नहीं लिया तो क्या लिया। क्योंकि खराबी से परेशान यात्री कहने लगे कि डीएमआरसी को लिखना चाहिए कि इस ऑड-ईवन मेट्रो लिया तो बीच राह में ही अटका खड़ा रहा। सोमवार को ऑड-ईवन के पहले दिन नोएडा से द्वारका की तरफ जा रही मेट्रो रेल सुबह करीब पौने दस बजे लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन के पास तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। मेट्रो के एक डिब्बे के दरवाजे बंद नहीं होने की खराबी आ गई। जिससे इस खड़ पर देर तक मेट्रो सेवा प्रभावित रही। हालांकि मेट्रो प्रबंधन का दावा है कि इस खराबी से 10 मिनट ही मेट्रो सेवा बाधित रही। कई यात्रियों ने कहा कि आखिर क्या कारण है कि रोज रोज मेट्रो खराब होती है। कुलजीत ने सवाल उठाए कि अगर अभी यह हाल है तो आने वाले दिनों में दिल्ली मेट्रो का क्या होगा सोचना पड़ रहा है। छात्र विशाल का कहना है कि कभी मेट्रो के परिचालन से घड़ी मिलाते थे। लेकिन आज हालात यह है कि मेट्रो अगर समय से पहुंचा दे तो समझो आपकी किस्मत अच्छी है। बता दें कि रविवार को भी ब्लू लाइन पर ही मेट्रो की खराब ने घंटो यात्रियों को परेशान किया। डीएमआरसी की सफाई है कि लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन (द्वारका की ओर जाने वाली लाइन पर) पर सुबह 9 बजकर 44 मिनट पर यात्रियों को उतारते समय दरवाजे में खराबी आ गई। जिसके बाद उक्त मेट्रो रेल को सेवा से हटाकर डिपो में भेज दिया गया। उसके बाद से मेट्रो सेवाएं को सामान्य कर दिया गया।

जनता पर जबरदस्ती थोपी जा रही योजना : तिवारी

नई दिल्ली। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के स्तर पर काबू पाने के लिए दिल्ली सरकर द्वारा सोमवार से लागू की जा रही ऑड-ईवन योजना आम आदमी पार्टी की स्वार्थगत राजनीति का हिस्सा है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने दिल्ली सरकार उक्त आरोप लगाते हुए कहा कि 57 महीने में प्रदूषण कम करने को लेकर केजरीवाल सरकार ने क्या प्रयास किये हैं, और अब यह योजना जनता पर जबरदस्ती थोपी जा रही है जिससे लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है।

दिल्ली में रही भारी अव्यवस्था : विजेंद्र

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को लागू हुई ऑड ईवन योजना पर कहा कि भले ही मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री दिल्ली की जनता को धन्यवाद दे रहे हों मगर सच्चाई यह है कि ऑड-ईवन योजना के चलते आज दिल्लीवासियों को भारी अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों को अपने कार्यस्थल पर जाने के लिये और वापिस घर आने के लिये टैक्सी और ऑटो की शरण लेनी पड़ी।

आप ने योजना को बताया सफल, भाजपा की निंदा की

नई दिल्ली। दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार से लागू हुए ऑड-ईवन को सफल बताते हुए इसकी जमकर तारीफ की है। दिल्ली वालों के स्वास्थ्य के लिए इस स्कीम को सकारात्मक बताते हुए पार्टी ने इसका उल्लंघन करने के लिए भाजपा की निंदा की।

डीयू का दीक्षांत समारोह...



दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 96वें दीक्षांत समारोह में सोमवार को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री (एमएचआरडी) रमेश पोखरियाल निशंक छात्रों को दो वर्षों 2017-18 और 2018-19 के लिए डिग्रियां प्रदान की। इस अवधि के दौरान विश्वविद्यालय से कुल 3 लाख छात्र पढ़कर उत्तीर्ण हुए हैं। लेकिन दीक्षांत समारोह में केवल 700 ही उपस्थित थे। जिसमें से 592 को पीएचडी डिग्रियां प्रदान की गई। इस अवसर पर यूजीसी अध्यक्ष डॉ. डी.पी.सिंह और डीयू के कुलपति प्रो.योगेश कुमार त्यागी भी मौजूद रहे।

लापरवाही, उदासीनता का परिणाम है दिल्ली में प्रदूषण: एनजीटी

अधिकारियों से आज सुबह साढ़े 10 बजे पेश होने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक स्तर तक बढ़ने का स्वतः संज्ञान लेते हुए सोमवार को कहा कि मौजूदा हालात एक दिन में पैदा नहीं हुए, बल्कि ये कानून प्रवर्तन प्राधिकारियों की लगातार लापरवाही एवं उदासीनता का परिणाम है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए के गोयल ने दिल्ली सरकार, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के अधिकारियों से मंगलवार को सुबह साढ़े 10 बजे उसके समक्ष पेश होने को कहा। पीठ ने बंद कमरे में हुई सुनवाई के बाद दिल्ली के मुख्य सचिव, डीपीसीसी अध्यक्ष, सीपीसीबी के सदस्य सचिव और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के संबंधित सचिव को मंगलवार को पेश होने को कहा । पीठ ने अपने आदेश में कहा कि आगे की सुनवाई के लिए मामले को आज सुबह 10.30 बजे के लिए सूचीबद्ध किया जाए। दिल्ली के मुख्य सचिव, डीपीसीसी अध्यक्ष, सीपीसीबी के सदस्य सचिव और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के संबंधित सचिव व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहें। एनजीटी ने दिल्ली में बद से बदतर होती वायु गुणवत्ता पर कहा कि मौजूदा प्रवर्तन रणनीतियों और मौजूदा अवांछनीय हालात के बीच के अंतर से निपटने के लिए उचित योजना बनाए जाने की तत्काल आवश्यकता है। एनजीटी ने कहा कि मौजूदा हालात एक दिन में पैदा नहीं होते। यह कानून लागू करने में प्राधिकारियों की लगातार लापरवाही और उदासीनता का परिणाम है।उसने कहा कि यह पता लगाने की आवश्यकता है कि इस असफलता का कारण क्या है और किन निवारक रणनीतियों एवं उपचारात्मक कदमों से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि मौजूदा हालात भविष्य में फिर पैदा नहीं हों।

हाईकोर्ट में सीएनजी वाहनों को छूट देने के लिए याचिका

नई दिल्ली। दिल्ली में सोमवार से लागू 'ऑड-ईवन योजना' से सीएनजी वाहनों को छूट देने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। यह योजना 15 नवंबर तक लागू रहेगी। भाजपा नेता नंद किशोर गर्ग ने इस संबंध में दो सप्ताह पहले याचिका दाखिल की थी, लेकिन उस समय अदालत ने यह कहते हुए याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया था कि उन्होंने याचिका में न तो दिल्ली सरकार को अभ्यावेदन भेजा है और न ही योजना का ब्यौरा दिया है। गर्ग ने नई याचिका में दावा किया कि इसके बाद उन्होंने 23 अक्टूबर को दिल्ली सरकार को अपना पक्ष रखने के लिए अभ्यावेदन भेजा और अभी तक सरकार द्वारा इस पर कोई कार्रवाई या निर्णय नहीं लिया गया, इसलिए उन्हें हाईकोर्ट का रुख करना पड़ा। इस याचिका पर न्यायमूर्ति डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरि शंकर की पीठ में सनवाई होनी थी, लेकिन वकीलों की हड़ताल के चलते मामला टल गया। याचिका में कहा गया है कि ऑड-ईवन योजना के तहत सीएनजी वाहनों को छूट देने के लिए अदालत दिल्ली सरकार को निर्देश दे।

खबर संक्षेप

राजपूत समाज को सरकार में मिले उचित प्रतिनिधित्व : चौहान

गुरुग्राम। सामाजिक संस्था राजपूत महासभा की बैठक दिल्ली रोड स्थित कार्यालय में हुई। जिसमें संस्था के सदस्य व पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। संस्था के प्रवक्ता आरपीएस चौहान ने बताया कि बैठक में सोहना विधानसभा क्षेत्र से संजय सिंह के विधायक बनने पर खुशी व्यक्त करते हुए राजपूत समाज ने सभा में प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल से आग्रह किया कि प्रदेश सरकार में राजपूत समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। संस्था ने निर्णय लिया कि विधायक संजय सिंह के सम्मान में समारोह का आयोजन किया जाएगा।

नेत्र जांच शिविर का आयोजन

फरीदाबाद। मानव जनहित एकता परिषद के द्वारा जीके इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पर्वतीय कॉलोनी पार्ट-1 में तारा नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 548 लोगों की आंखों की जांच कर 147 लोग को दवाईयां मुफ्त दी गईं तथा 180 लोगों को मुफ्त चश्में वितरित किए गए। वहीं मोतियाबिंद के 28 मरीजों का चयन कर उन्हें निःशुल्क ऑपरेशन के लिए ले जाया गया। कार्यक्रम के आयोजक सचिन तंवर ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है। समाज में सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को ऐसे आयोजन करने चाहिए जिससे जनता का भला हो सके।

दक्ष प्रजापति महासभा की बैठक आयोजित

गुरुग्राम। सामाजिक संस्था महाराजा दक्ष प्रजापति महासभा की बैठक गांव शिकोहपुर स्थित कार्यालय में संस्था के बलवीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें संस्था से जुड़े पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। सस्था के यशपाल प्रजापति ने बताया कि बैठक में संस्था द्वारा निर्णय लिया गया कि आगामी 29 जनवरी को संस्था द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन शिकोहपुर में किया जाएगा। यह आयोजन पूरे रीति-रिवाजों के अनुसार किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा भी की गई।

नोएडा में शराब तस्कर गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा थाना सेक्टर 20 पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 48 पव्वा हरियाणा मार्का शराब बरामद की।

इंजीनियर ने आत्महत्या की

नोएडा। शहर की जेपी पवेलियन नामक सोसायटी में रहने वाले एक इंजीनियर ने सोमवार की सुबह दसवीं मंजिल से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस उपाधीक्षक श्वेताभ पांडेय ने बताया कि एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र में स्थित जेपी पवेलियन नामक सोसाइटी में गगन गौतम नामक इंजीनियर रहता था। कई दिनों से बेरोजगार गगन कर्जे से परेशान था और वह अपने घर तथा कार की किस्त भी नहीं दे पा रहा था। इस कारण उसने आत्महत्या कर ली।

छह को होगा राष्ट्रीय गुर्जर महासम्मेलन

गुरुग्राम। समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने व गुर्जर समाज के उत्थान के लिए आगामी 6 नवंबर को सेक्टर 61 क्षेत्र में राष्ट्रीय गुर्जर महासम्मेलन का आयोजन जाएगा, जिसमें समाज से जुड़े संगठन, बुद्विजीवी, राजनेता, इतिहासकार आदि बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

किसानों को पराली ना जलाने के प्रति प्रेरित करेंगे कृषि अधिकारी

'पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ होगा मामला दर्ज'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

प्रदूषण नियंत्रण को लेकर मुख्य सचिव ने दिए दिशा-निर्देश

गुरुग्राम। हरियाणा की मुख्य सचिव केशनी आनंद अरोड़ा ने पर्यावरण में प्रदूषण नियंत्रण करने को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को कम करने के लिए जरूरी हैं कि विभाग इस दिशा में रूपरेखा बनाते हुए एकजुट होकर प्रयास करें। बैठक में बताया गया कि जिला में प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जिला को छह इंडस्ट्रीयल कलस्टरों में बांटा गया है। उपायुक्त अमित खत्री ने बताया कि जिला में कंस्ट्रक्शन साइटों व इंडस्ट्रीयल एरिया में भी प्रदूषण नियंत्रण को लेकर टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला में प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कार्य योजना तैयार की गई है। जिसमें संबंधित 27 विभागों को प्रदूषण नियंत्रण के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जनपद में फसल अवशेष तथा पराली जलाने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। मुख्य सचिव श्रीमती केशनी आनंद अरोड़ा द्वारा स्मॉग तथा पर्यावरण प्रदूषण की स्थिति की समीक्षा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक आयोजित करने के बाद उपायुक्त अतुल कुमार ने जिला के संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें पराली जलाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के आदेश दिए हैं।

उपायुक्त ने कृषि उप निदेशक, जिला राजस्व अधिकारी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आदि के अधिकारीगण को सख्त आदेश दिए हैं कि जिला में किसी भी तरह की पराली ना जलाई जाए। उन्होंने कहा कि यदि आने वाले दिनों में कही भी पराली जलाई जाती है तो उसके लिए संबंधित ग्राम सचिव व सरपंच को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम सचिव व कृषि विभाग के अधिकारी गण गांव-गांव जाकर किसानों को पराली ना जलाए इसके बारे में प्रेरित करेंगे। साथ ही यदि कोई भी किसान किसी भी तरह की पराली जलाता हुआ पाया गया तो उसको कृषि विभाग की योजनाओं के तहत मिलने वाली सुविधाओं से वंचित किया जाएगा। यही नहीं, उसके विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करवाई जाएगी और जुर्माना भी लगाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिस गांव के खेत में आग पाई जाती है, उस गांव से संबंधित पटवारी इसकी पुष्टि करेगा जो कि एफआईआर के लिए अनिवार्य है। उपायुक्त ने यहां तक कहा है कि पराली जलाने के लिए एफआईआर हर समय पोर्टल पर भी की जा सकती है। थाना प्रभारियों को भी आदेश दिए गए हैं कि पराली जलाने के बारे में शिकायत मिलने पर वे तुरंत प्रभाव से एफआइआर दर्ज करें। उपायुक्त के इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 और वायु एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981 की संबंधित धाराओं के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।

निगम के टैंकर व फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने किया पेड़ों व सड़कों पर छिड़काव

फरीदाबाद। लगातार कई दिनों से विकराल रूप धारण किए हुए प्रदूषण से सोमवार को लोगों को राहत मिली है, लेकिन निगम के प्रदूषण कम करने का अभियान लगातार जारी रही। पूरा दिन निगम के टैंकर, फायर ब्रिगेड की गाड़ियों पेड़ों व सड़कों पर पानी का छिड़काव करती रही। रविवार से चल रही हवाएं भी प्रदूषण को कम करने में कारगर सिद्ध हुई है। सोमवार को प्रदूषण का स्तर 2.5 फरीदाबाद का 403 रहा, वहीं बल्लभगढ़ का 366 रहा। बेशक प्रदूषण कम हुआ है, लेकिन स्थिति अभी भी खतरनाक बनी हुई है। सोमवार सुबह प्रदूषण के चलते लोग सुबह की सैर पर भी नहीं गए। रोजाना पार्कों में सुबह दिखने वाली रौनक भी कम रही। जैसे-जैसे दिन होता गया वैसे-वैसे कल रविवार के मुकाबले कम दिखा।

निगम ने काटे चालान

वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम का अमला सोमवार को भी सक्रिय रहा। मैगपाई सेक्टर-16ए के पास मुकेश नामक व्यक्ति से कूड़ा जलाने के कारण सोमवार को 5000 रुपये का जुर्माना वसूल किया और निगम के तीनों जोनों में खुले में भवन निर्माण सामग्री डालने के आरोप में 76 लोगों के चालान किएऔर अनेकों स्थानों पर भवन निर्माण सामग्री को ढ़कवाया भी गया।

निगमायुक्त ने बुलाई आपात बैठक

निगम आयुक्त सोनल गोयल ने वायु प्रदूषण की आपात स्थिति से निपटने के लिए निगम प्रशासन के द्वारा किए जा रहे उपायों की समीक्षा करने के लिए अपने कार्यालय में सोमवार दोपहर बाद बैठक बुलाई। निगमायुक्त ने कहा कि यदि इको ग्रीन कंपनी ने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए सरकार को लिख दिया जाएगा और अन्य वैकल्पिक व्यवस्था करके बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने निगम के सफाई, इंजीनियरिंग व फायर बिग्रेड विभाग के द्वारा वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए किए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

सिलेंडरों से गैस चुराते दो पकड़े

फरीदाबाद। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग टीम ने सोमवार को छापेमारी करते हुए जवाहर कॉलोनी खंड बी के एक खाली प्लॉट में दो कर्मचारियों को सिलेंडर में से गैस चोरी करते हुए पकड़ा। बताया गया कि गैस चोरी कर रहे कर्मचारी एयरफोर्स रोड स्थित गैस एजेंसी में कार्यरत हैं। छापेमारी टीम ने इस पर कार्रवाई करते हुए पर्वतीय कॉलोनी चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को पिछले कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि जवाहर कॉलोनी, डबुआ कॉलोनी, नंगला व पर्वतीय कॉलोनी में घरों में पहुंच रहे सिलेंडर का वजन कम होता है। जिस पर सोमवार को सुबह-सुबह

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने नंबर-8ए खंड बी एयरफोर्स रोड जवाहर कॉलोनी में यह छापेमारी की गई।

छापा मार टीम के सदस्य अमित ढुल ने बताया कि मौके से 12 घरेलू सिलेंडर और दो कमर्शियल सिलेंडर बरामद किए हैं।

जिला पार्षद प्रतिनिधि को फोन पर धमकी

फरीदाबाद। थाना छांयसा एरिया के लहंडौला गांव निवासी जिला पार्षद पूनम अधाना के प्रतिनिधि सुरजीत अधाना एडवोकेट को फोन पर हाथ-पैर तोड़ने की धमकी दी जा रही है। सुरजीत अधाना ने इस बारे में पुलिस को शिकायत दी है।

पुलिस के अनुसार लहंडौला गांव निवासी सुरजीत अधाना एडवोकेट ने दी शिकायत में बताया कि उसकी मौजाबाद गांव में पुस्तैनी जमीन है। जिस पर वह खुद काश्तकार है। आरोप है कि एक नवंबर की रात पम्मी नामक व्यक्ति ने उसे फोन पर धमकी दी कि वह जमीन पर काश्त करने के लिए न जाए, अन्यथा उसके हाथ-पैर तोड़ दिए जाएंगे।

'जल्द दूर किए जाएं एक्सप्रेस-वे के कार्य में आ रहे गतिरोध'

गाजियाबाद। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने सोमवार को सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे के कार्य में तत्काल प्रभाव से गतिशीलता लाने के उद्देश्य से प्रथम चरण में कलेक्ट्रेट के सभागार में अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति एवं एनएचआई के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे के पैकेज-4 के कार्यों में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से डासना से लेकर रजापुर तक चल रहे कार्यों का गहन स्थल निरीक्षण

किया। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार का यह बहुत ही महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है और इसमें किसी भी स्तर पर देरी को बहुत ही गंभीरता के साथ लेकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

नोएडा : दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| नोएडा

नोएडा थाना फेस-2 पुलिस ने फैक्ट्रियों में डाका डालने वाले गिरोह के दो बदमाशों को सोमवार सुबह गिरफ्तार किया। इनकी गिरफ्तारी पर गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने 25 -25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सुबह एक सूचना के आधार पर थाना फेस-2 पुलिस ने वकील और जीतू को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इनकी गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौतमबुद्ध नगर ने 25 -25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। एसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश शातिर अपराधी हैं। इनके दो साथियों को थाना सेक्टर 20 पुलिस मुठभेड़ के दौरान पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि तीन साथियों को इससे पूर्व थाना फेस-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि दोनों बदमाश मुठभेड़ में पुलिस पर गोली चलाते हुए मौके से भाग गए थे। उन्होंने बताया कि इस गैंग का एक सदस्य अब भी फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

पत्नी की हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

नोएडा। शहर के सूरजपुर कस्बे में रहने वाली एक महिला की गत की एक नवंबर को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर उसके पास से हत्या में प्रयुक्त छुरी और खून से सने कपड़े बरामद किए हैं। एसपी (ग्रामीण) रणविजय सिंह ने सोमवार को बताया कि एक नवंबर को सूरजपुर कस्बे में रहने वाली फूल माला अपने घर पर लहूलुहान अवस्था में मिली। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गोपाष्टमी

गुरुग्राम में सोमवार को गाय का पूजन करती महिलाएं।

होम्योपैथिक क्लीनिक में लगी आग, दो गाड़ियों ने पाया काबू

फरीदाबाद। सेक्टर-7 व 8 के डिवाइडिंग रोड स्थित श्री बाला जी होम्यौपैथिक क्लीनिक में सोमवार शाम को अचानक आग लग गई। आग लगने पर फायर बिग्रेड की सूचना दी गई। फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-7 सी स्थित एक मकान में डॉ. एमएम अग्रवाल अपने परिवार सहित रहते हैं। इसी मकान में उनकी ओर से श्री बाला जी होम्यौपैथिक क्लीनिक चलाया जा रहा है। क्लीनिक में काफी मात्रा में दवाएं रखी हुई थी। सोमवार शाम को अचानक इसमें आग लग गई। आग ने थोड़ी ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। लोगों ने ने पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना पाकर फायर बिग्रेड की दो गाडियां पहुंच गई।

एलएलबी के छात्र पंकज हत्याकांड का खुलासा

माता-पिता समेत प्रेमिका गिरफ्तार

बेसमेंट में दबा दिया था पंकज का शव

गाजियाबाद। साहिबाबाद पुलिस ने सोमवार को पिछले माह आईएमई लॉ कॉलेज के छात्र पंकज की हत्या के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस संबंध में पंकज की प्रेमिका, उसके पिता व मां को गिरफ्तार किया है। तीनों ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया है और पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया है। एसपी सिटी मनीष मिश्रा ने सोमवार को बताया कि 19 अक्टूबर को एलएलबी के छात्र पंकज की गिरधर एंक्लेव में हत्या कर दी गई थी। हत्यारों ने उसके शव को मकान के बेसमेंट में नीचे गड्ढे में दबा दिया था और ऊपर से उस पर सीमेंट का प्लास्टर कर दिया था। पुलिस ने गड्ढा खोदकर पंकज की लाश बरामद की थी।

मिश्रा ने बताया कि मामला गंभीर होने के कारण थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह को इसके खुलासे के लिए लगाया गया था। पुलिस ने मौके से सीसीटीवी कैमरे व मोबाइल फोन की लोकेशन आदि की जांच पड़ताल की और हत्यारों तक पहुंच गई। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह साहिबाबाद रेलवे स्टेशन से पास से मकान मालिक मुन्ना कुमार उसकी पुत्री अंकिता व पत्नी सुलेखा देवी को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब यह बिहार जाने की फिराक में थे। उन्होंने बताया कि पंकज ट्यूशन पढ़ाने का काम भी करता था। अंकिता पंकज से ट्यूशन पढ़ने जाती थी। इसी दौरान पंकज ने अंकिता को झांसा लेकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिए। जिसकी जानकारी मुन्ना व उसके परिजनों को लगी तो वह बौखला उठे। उन्होंने अंकिता को विश्वास में लिया और पंकज की हत्या का प्लान बनाया।

वकीलों ने की पुलिस के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

तीस हजारी विवाद का चहुंओर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद/गुरुग्राम/गाजियाबाद

फरीदाबाद। पुलिस द्वारा दिल्ली तीस हजारी कोर्ट के अधिवक्ताओं से की गई मारपीट के विरोध में फरीदाबाद के अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए।

दिल्ली स्थित तीस हजारी कोर्ट में पार्किंग विवाद के चलते वकीलों और पुलिस में भिड़ंत हुई इसमें दर्जनों वकील घायल हुए इस झगड़े को लेकर सोमवार को बॉर काउंसिल ऑफ इंडिया के आदेश पर जिला न्यायालय फरीदाबाद में वकीलों ने हडताल कर दी। सैकड़ों वकील सुबह 10 बजे ही लॉबी में कुर्सिया बिछा कर बैठ गए।

ज्ञात हो कि एक वकील की कार दिल्ली तीस हजारी कोर्ट में जेल वैन से टकरा गई थी इस पर पुलिस ने वकीलों को लॉकअप में ले जाकर पीटा। छह जजों के कहने पर भी पुलिस ने वकीलों को बाहर नहीं निकाला। पुलिस ने कई राउंड गोलियां चलाई जिसमें एक वकील को गोली लगी। वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ ने कहा कि पुलिस ने चैम्बरों में जाकर भी दर्जनों वकीलों को लाठी डंडों से मारा। सभी अधिवक्ताओं ने पुलिस इस कार्रवाई की निन्दा की और पुलिस के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

इस मौके पर बार कांउसिल के पूर्व सदस्य ओ.पी.शर्मा, जे.पी.अधाना, सतेन्द्र भडाना, एम्एस. नागर, अनिल पाराशर, जोगिन्द्र चौहान, आर.पी. नाहर, कंवर दलपत सिंह, राधे श्याम पाराशर, आर.सी. पारासर, अजय दत्त पारासर, सचिन चंदीला, अनील कुमारी, मनमीत कौर, भानू प्रिया, हंसराज, लक्की सिंगला, संदीप पारासर आदि मौजूद थे।

अदालतों में रहा वर्क सस्पेंड

गुरुग्राम। तीस हजारी विवाद व पुलिस कार्रवाई को लेकर अपना रोष प्रदर्शन करने के लिए सोमवार को पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल के आह्वान पर जिला बार एसोसिएशन ने सभी अदालतों में वर्क सस्पेंड रखा। जिससे दूर-दराज से आने वाले मुवक्किलों के मामलों की सुनवाई अदालतों में नहीं हो सकी और वे काफी परेशान भी दिखाई दिए। प्रॉक्सी अधिवक्ताओं ने मुवक्किलों को जिला अदालतों से उनके मामलों में सुनवाई के लिए अगली तारीखें दिलवाई। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मीर सिंह यादव व सचिव कमलजीत कटारिया ने बताया कि अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर अपना

जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

गाजियाबाद। दो नवंबर को को तीस हजारी कोर्ट में पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच हुए संघर्ष को लेकर गाजियाबाद बार एसोसिएशन ने सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें दिल्ली पुलिस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर समस्त अधिवक्ताओं ने एक स्वर में मांग की, कि दिल्ली पुलिस की बर्बरता पूर्ण कार्रवाई पर इस तरह एक्शन लिया जाए कि भविष्य में पुलिस इस प्रकार का दुस्साहस कभी ना दिखा सके। बैठक के बाद गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील दत्त त्यागी ने कहा कि मामूली विवाद को पुलिस ने अपनी दबंगता और हठधर्मिता के चलते बड़े विवाद में तब्दील कर दिया। साथ ही वर्दिधारियों ने बर्बरता की सारी सीमाएं तोड़ दी।

ALCHEMIST
अल्केमिस्ट रीयल्टी लिमिटेड
CIN- L21100DL1983PLC334800
पंजी. कार्यालय : बिल्डिंग नं. 23, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
Email- investors.realty@alchemist.co.in
Website- www.alchemistrealty.com
Phone No. 011-40600800, Fax No. 011-40600888

सूचना

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों और अध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य व्यवसायिक मामला (ों) पर विचार करने और अनुमोदित करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक सोमवार, 11 नवम्बर 2019 को आयोजित की जानी निर्धारित है।

उक्त विवरण कम्पनी की वेबसाइट (www.alchemistrealty.com) और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (https://www.bseindia.com) पर भी देखा जा सकता है।

सभी पदनामित व्यक्तियों और उनके निकट सम्बन्धियों द्वारा रेगुलेट करने, मॉनिटर करने और ट्रेडिंग रिपोर्ट के लिये आचार संहिता के तहत ट्रेडिंग विंडो बंद होने की अवधि 01 अक्तूबर, 2019 से प्रारम्भ हो गई है और 14 नवम्बर 2019 को अर्थात् कम्पनी के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा के 48 घंटे पश्चात् पुनः खुलेगी।

कृते अल्केमिस्ट रीयल्टी लिमिटेड
दिनांक : 04.11.2019 हस्ता/-
स्थान : नई दिल्ली सरिता चौरसिया
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

विदेशों से रत्नावली देखने पहुंचे व्यवसायी

कुरुक्षेत्र। रत्नावली महोत्सव 2019 के तीसरे दिन हरियाणवी चौपाल में ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें समाज को प्रभावित करने वाले सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर कलाकारों ने प्रस्तुति दी। विदेशों में भी रत्नावली महोत्सव को काफी पसंद किया गया इसलिए अफगानिस्तान से भी विदेशी कुरुक्षेत्र रत्नावली महोत्सव में पहुंचे और आनंद उठाया। अफगानिस्तान के दो व्यवसायियों शाहिम व मोहम्मद फैजल ने कहा कि युवा वर्ग को अपनी संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। युवाओं को कभी भी अपनी संस्कृति को भूलना नही चाहिए।

जान लेते बोर

एक और बोरवेल ने लील ली मासूम शिवानी की जिंदगी

11 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन बाद मृत बाहर निकाला

बोरवेल में सिर के बल गिरने से मिट्टी में धंस गई थी शिवानी

1. घरौंडा। शिवानी का फाइल फोटो।
2. मौके पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़ को समझाती पुलिस।
3. हरिसिंहपुरा में रेस्क्यू करती एनडीआरएफ की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा

हरिसिंहपुरा गांव में बोरवेल में गिरी पांच वर्षीय शिवानी जिंदगी की जंग हार गई। लगभग 11 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में एनडीआरएफ व स्थानीय प्रशासन ने बच्ची को बाहर तो निकाल लिया, लेकिन डॉक्टरों की लाख कोशिशों के बावजूद भी बच्ची की जान नहीं बचाई जा सकी और डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दी। बीती रात करीब नौ बजे सूचना के बाद स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गया। देर रात पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने बचाव कार्य शुरू किया। करीब पचास मीटर दूर खेत में चार जेसीबी व पोपलेन की मदद से मिट्टी की खुदाई की गई, ताकि बोरवेल के समांतर की दूसरा बोरवेल बनाकर बच्ची तक पहुंचा जा सकें। एनडीआरएफ की टीम ने जमीन की खुदाई के अलावा जिस बोरवेल में शिवानी फंसी हुई थी। उसमें वायर हुक एंड क्लाथ वेक्ट के जरिये नीचे बच्ची तक एक तार पहुंचाने का भी कार्य जारी रखा और यह कार्य करीब पांच घंटे तक चला। इस कार्य में एनडीआरएफ की टीम ने चार बार प्रयास किए लेकिन असफल रहे, पांचवें प्रयास में बोरवैल में डाली गई तार का हुक बच्ची के पांव में फसा और उसके जरिये बच्ची को सोमवार सुबह 9.10 बजे बाहर निकाल लिया गया। बोरवैल से बाहर आते ही बच्ची को कपड़े से ढक दिया गया एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई थी। लगभग 11 घंटे रेस्क्यू चला है। जिसके बाद बच्ची को सुबह लगभग नौ बजे निकाला गया। एंबुलेंस से बच्ची को करनाल अस्पताल ले जाया गया है। बच्ची अंकोसियस थी।

-डीएसपी रामदत्त, घरौंडा

तेज बुखार के बावजूद पूरी रात रहे विधायक हरविंद्र कल्याण

विधायक हरविंद्र कल्याण को जैसे ही बच्ची के बोरवेल में गिरने की सूचना मिली तो तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। विधायक हरविंद्र कल्याण को बहुत तेज बुखार था। इसके बावजूद भी उन्होंने इंसानियत का परिचय दिया और पूरी रात घटनास्थल पर रेस्क्यू कार्य की मोनिटरिंग करते रहे और परिजनों को दिलासा देते रहे।

सुबह नौ बजे निकाला शव

शिवानी को बोरवेल से निकाल लिया गया है।

चिकित्सकों की टीम थी तैनात

बच्ची को बचाने के लिए डॉक्टरों की स्पेशल टीम तैनात की गई थी। मासूम जिंदगी को बचाने के लिए लाख प्रयास किए गए है। लेकिन बच्ची को बचाया ना जा सका।

-डॉ. अश्विनी आहुजा, नागरिक अस्पताल, करनाल

गाजियाबाद से आई रेस्क्यू टीम

रविवार शाम तीन बजे से शिवानी गायब थी। परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जैसे-जैसे शाम बीतती गई, वैसे-वैसे परिजनों की चिंताएं बढ़ती गई। गांव का चप्पा-चप्पा छान मारा, लेकिन शिवानी का कोई अता-पता नहीं था। कई घंटों की तलाश के बाद घर के पास बने बोरवैल में गिरने का संदेह हुआ। प्रशासन के पहुंचने से पूर्व ही ग्रामीणों ने मोबाइल फोन की फ्लैश के साथ वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू की और रस्सी के जरिये बोरवेल में उतार दिया। लगभग पचास फीट गहरे बोरवेल में शिवानी सिर के बल गिरी, जिसमें बच्ची के पैर दिखाई दिए। वीडियो रिकॉर्डिंग देख परिजनों के होश फाक्ता हो गए। गांव के सरपंच नरेश कुमार ने प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही करीब 11 बजे एसडीएम गौरव कुमार स्थानीय प्रशासन के साथ मौके पर थे। एसडीएम के बाद सवा 11 बजे विधायक हरविंद्र कल्याण घटनास्थल पर पहुंचें और स्थिति की जानकारी हासिल की। इसके बाद साढे 11 बजे एसपी सुरेंद्र मौरिया व 12 बजकर 35 मिनट पर डीसी विनय प्रताप सिंह मौके पर पहुंच गए। डीसी ने तुरंत एनडीआरएफ टीम के लिए दिल्ली संपर्क साधा और गाजियाबाद से तुरंत टीम यहां के लिए रवाना हुई और यहां आते ही टीम ने अपना रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

बेटी के लव मैरिज करने से दुखी पिता ने पत्नी और बेटे सहित आत्महत्या की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

कार को भाखड़ा में गिराया, तीनों के शव बरामद

रतिया में बेटी द्वारा पड़ोस में रहने वाले एक युवक के साथ घर से भागकर लवमैरिज करने से परेशान एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी व बच्चे सहित अपनी कार को भाखड़ा नहर में कूदा दिया। रातभर परिजन तीनों की तलाश करते रहे। सुबह नहर किनारे कार के पहियों के निशान दिखने के बाद गोताखोरों व क्रेन की मदद से पुलिस ने कार को नहर से बाहर निकाला। कार से तीनों के शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भेजा है। इस घटना के बाद पूरे रतिया शहर में मातम का माहौल है। मृतक के भाई ने पड़ोस में रहने वाले युवक व उसके परिवार पर उसके भाई को परिवार सहित आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। रतिया निवासी निरंजन दास रतिया में गाड़ियों की खरीद फरोख्त का काम करता था। इन दिनों काम में मंदी चल रही थी। वहीं कुछ दिन पहले ही उसकी बेटी ने पड़ोस में रहने वाले एक युवक से घर से भागकर लव मैरिज कर ली थी। बताया गया है कि बेटी के लवमैरिज कर लेने से निरंजन काफी परेशान था। इसी के चलते कल शाम को वह अपनी पत्नी व 8 साल के बच्चे के साथ कार में सवार होकर घर से निकल गया। लोगों का कहना है कि गांव रोझांवाली के पास उसने पत्नी व बच्चों सहित कार को भाखड़ा नहर में कूदा दिया। आज सुबह भाखड़ा नहर के पास कार के टायरों के निशान ग्रामीणों ने देखे तो उनको शक हुआ। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और गोताखोरो को नहर में उतारा। गोताखोरों ने कार को ढूंढ लिया और क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला गया। कार में निरंजन, उसकी पत्नी व बेटे के शव पड़े थे। इस घटना ने पूरे रतिया शहर में सनसनी फैला दी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भिजवाया है।

आरोप

- पड़ोस के युवक और उसके परिजनों पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप जड़ा

रतिया। नहर से निकाली गई कार और निरंजन दास, उसकी पत्नी व बेटे का फाइल फोटो।

लड़की ने पड़ोसी युवक से की मंदिर में शादी

पुलिस को दी शिकायत में मृतक निरंजन के भाई नरेश ने कहा है कि निरंजन के पड़ोस में रहने वाले एक युवक उसकी बेटी को अपने साथ ले गया और दोनों ने 22 अक्टूबर को चण्डीगढ़ के एक मंदिर में शादी कर ली और उसके बाद हाइकोर्ट से प्रोटेक्शन लेकर 25 अक्टूबर को रतिया आ गए। उसने आरोप लगाया कि इसके बाद उक्त युवक के परिजन निरंजन को लगातार ताने मारते थे और प्रोपर्टी हड़पने की धमकी देते थे। इसके बाद से ही निरंजन, उसकी पत्नी नीलम व लड़का हर्ष मानसिक रूप से परेशान रहने लगे थे। 3 नवम्बर की शाम को जब वह निरंजन के घर गया तो उसका घर खुला पड़ा था और घर पर कोई नहीं था। इस पर उन्होंने तीनों की तलाश शुरू कर दी और पुलिस को भी सूचना दी। नरेश ने बताया कि जब उन्होंने एक सीसीटीवी की फुटेज देखी तो उसमें पाया कि उसके भाई की गाड़ी बुढलाडा रोड की ओर जाती नजर आई। बाद में उन्हें गाड़ी के भाखड़ा नहर में मिलने की सूचना मिली। उसने आरोप लगाया है कि पड़ोस में रहने वाला युवक ओम, उसका पिता बलवंत व उसकी पत्नी राजरानी व भतीजी रजनी ने उसके भाई, भाभी व भतीजे को आत्महत्या के लिए मजबूर किया है। इस मामले में पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

हम असहाय हैं : पराली जलाने पर बोले पंजाब के किसान

मोहाली। पराली जलाने पर रोक के बावजूद राजधानी चंगडीढ़ से महज 20 किलोमीटर दूर पंजाब के इस गांव में खेतों में फसलों के अवशेष जलाने का क्रम अब भी जारी है। पराली को जलाये बिना उसके निस्तारण के उपकरणों की लागत का हवाला देते हुए एक किसान ने कहा, ''हम असहाय हैं। 35 वर्षीय किसान ने पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने पर रोक को लेकर प्रवर्तन एजेंसियों की कार्रवाई के डर से नाम नहीं बताया। माना जा रहा है कि पराली जलाने की इन घटनाओं की वजह से ही दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर बढ़ा है। चार एकड़ जमीन पर खेती करने वाले किसान ने कहा कि वह अपने खेतों से पराली हटाने में देरी नहीं कर सकते क्योंकि अगली फसल बोनी होती है। उन्होंने कहा, ''अगर

पराली नहीं जलाई तो गेहूं की बुवाई में देरी हो जाएगी और इससे अंतत फसल प्रभावित होगी। किसान ने कहा कि 'हैप्पी सीडर' और अन्य ऐसी मशीनें उनके जैसे छोटे किसान के लिए फायदे का सौदा नहीं हैं। यह मशीन करीब डेढ़ लाख रुपये की आती है। इसके अलावा 65 हॉर्सपॉवर के ट्रैक्टर की जरूरत होती है। कुल मिलाकर आठ लाख रुपये का खर्च आता है जिसे वह वहन नहीं कर सकते।

नाबालिग की शादी रोकी दूल्हा और पिता गिरफ्तार

गोहाना। शहर की कृष्णा कालोनी में 14 साल की एक नाबालिग लड़की की शादी करवाई जा रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शादी रुकवा दी। पुलिस ने दूल्हे और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया। लड़की की मां और शादी के फेरे करवाने वाला पंडित फरार हो गए। कृष्णा कालोनी में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में बारात आई। कोर्ट परिसर स्थित पुलिस चौकी में लड़की के मामा और रोहतक जिले के कंसाला गांव के जय नारायण ने शिकायत की कि उसकी नाबालिग भांजी अनु, जिसकी उम्र केवल 14 साल है, की शादी गैर-कानूनी तौर से करवाई जा रही है। इस पर पुलिस की टीम एएसआई सब्बल सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। पुलिस जब पहुंची, तब नाबालिग लड़की के फेरे पूरे हो चुके थे। दूल्हे धर्मेन्द्र और उसके पिता सुलेख चंद को गिरफ्तार कर लिया गया। मामा के बयान पर दूल्हे और उसके पिता के साथ दुल्हन की मां प्रकाशी और फेरे करवाने वाले पंडित के खिलाफ भी है।

भिवानी में 1200 पेटी अवैध शराब की पकड़ी: (भिवानी)। पुलिस के सीआईए स्टाफ ने 1200 अवैध शराब पेटियों के साथ एक ट्रक को काबू किया है। पुलिस ने पकड़ी गई शराब व ट्रक को कब्जे में लेकर जांच आरंभ कर दी है।

B J DUPLEX BOARDS LIMITED
Registered Office: H. No. 83, T/F Chawri Bazar, Delhi - 110006
Landline : (91)-11-42141100
CIN : L21090DL1995PLC066281
Web : http://www.bjduplexboard.com
E-Mail : sbj@anandpupl.com

NOTICE

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, it is hereby informed that a meeting of Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Tuesday,12th November, 2019 at 11:00 A.M. at the Registered Office of the Company situated at H. No. 83, T/F Chawri Bazar, Delhi - 110006, to consider and approve, inter-alia, the Unaudited Standalone Financial Results of the Company for the Second quarter and half year ended30th September, 2019.

Further, in terms of the SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015, the Trading Window of the Company shall remain closed from Tuesday, 05th November, 2019 to Thursday, 14th November, 2019, i.e. 48 hours after the declaration of Financial Results.

The said notice may be accessed on the Company's website www.bjduplexboard.com and of the Stock Exchange website www.bseindia.com.

By Order of the Board
For B J DUPLEX BOARDS LIMITED
Date : 05/11/2019 Sd/-
Place : Delhi Vishwa Bandhu Saluja
CHIEF FINANCIAL OFFICER (KMP)

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय
(हरियाणा सरकार का एक राज्य कौशल विश्वविद्यालय)
ट्रांजिट कार्यालय : प्लॉट नं. 147, सेक्टर-44, गुरुग्राम-122001

सहायक एवं प्रतिष्ठित विजिटिंग फैकल्टी का सूचीकरण

एसवीएसयू/19/स्था./एएफ/004 के तहत विज्ञापित सहायक एवं प्रतिष्ठित विजिटिंग फैकल्टी के सूचीकरण हेतु परिचर्चा 07.11.2019 को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, प्लॉट नं. 147, सेक्टर 44, गुरुग्राम, हरियाणा में निर्धारित की गई है। सभी इच्छुक और पात्र उम्मीदवार विश्वविद्यालय वेबसाइट www.svsu.ac.in पर स्थापित कार्यक्रम के अनुसार परिचर्चा हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

रजिस्ट्रार

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

जगमोहन सिंह

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक व्यक्ति जिसका नाम **जगमोहन सिंह**, **पुत्र** बलदेव सिंह, **पता**– बी–72, विकास विहार, चंदेर विहर, दिल्ली। उक्त व्यक्ति दिनांक 11.08.2019 से पुलिस थाना निहाल विहार दिल्ली से गुमशुदा/अपहृत है। इस संबंध में **डीडी नं 36–ए दिनांक 14.08.2019, को पुलिस थाना निहाल विहार, नई दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा/अपहृत व्यक्ति की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा/अपहृत व्यक्ति का विवरण इस प्रकार है:

नाम: जगमोहन सिंह, **लिंग:** पुरूष, **उम्र:** 21 वर्ष, **कद:** 5'6'', **रंग:** सांवला, **चेहरा:** गोल, **पहनावा:** क्रिम रंग का कुर्ता–पजामा तथा पांव में चप्पल पहने हुआ है।

इस गुमशुदा/अपहृत व्यक्ति के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी निहाल विहार, दिल्ली को सूचित करे।

ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
DP/2823/OD/19

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, निहाल विहार, दिल्ली
फोन न.: 011- 25946700, 25946710

भाजपा सरकार के 'कुप्रबंध' के कारण अर्थव्यवस्था आईसीयू में है : तिवारी

चंडीगढ़। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा सरकार देश की अर्थव्यवस्था को ''खराब ढंग से चला रही है''जिसके चलते वह ''आईसीयू'' (गहन चिकित्सा कक्ष) में पड़ी है। आनंदपुर साहिब से सांसद ने यह भी कहा कि कांग्रेस भारतीय अर्थव्यवस्था की ''गंभीर'' हालत को उजागर करते हुए मंगलवार से राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन शुरू करेगी। तिवारी ने यहां पत्रकारों से कहा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था आईसीयू में है और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार इसके लिए जिम्मेदार है। उन्होंने अर्थव्यवस्था को पूरी तरह खराब ढंग से चलाया जिससे देश में लाखों नौकरियों पर विपरीत असर पड़ा।'' उन्होंने कहा कि सरकार को नींद से जगाने के लिए देशव्यापी प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। देश के नौकरी बाजार में ''निराशाजनक'' माहौल का जिक्र करते हुए तिवारी ने कहा, ''भाजपा सरकार ने भारत के जनसांख्यिकी लाभांश को जनसांख्यिकी आपदा में बदल दिया है।'' भारतीय अर्थव्यवस्था के ''डूबने'' का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि जीडीपी वृद्धि दर पिछले छह वर्षों में सबसे कम है।

करतारपुर गलियारा खोलने के पीछे पाकिस्तान की 'गुप्त मंशा': अमरिंदर

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सोमवार को आरोप लगाया कि करतारपुर गलियारा खोलने की 70 साल पुरानी मांग अचानक स्वीकार करने के पीछे पाकिस्तान की मंशा धार्मिक भावनाओं का दोहन कर सिख समुदाय में दरार डालने की है । मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान के कदम ने ''गुप्त मंशा का संकेत'' दिया है और पड़ोसी मुल्क की किसी भी नापाक मंशा को रोकने के लिए पंजाब पूरी तरह चौकन्ना है । कैप्टन ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''सिख समुदाय पवित्र करतारपुर गुरुद्वारे तक जाने वाले रास्ते को खोलने की मांग पिछले 70 साल से करता आ रहा था, लेकिन पाकिस्तान का इस मांग को अचानक स्वीकार करना इसके पीछे उनकी गुप्त मंशा का संकेत देता है, जिसका लक्ष्य सिखों की धार्मिक भावनाओं का दोहन कर उनके बीच दरार पैदा करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि, हम उम्मीद नहीं करते कि गलियारे के माध्यम से पाकिस्तान किसी प्रकार की शरारत करने की हिमाकत करेगा लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि सीमावर्ती राज्य होने के नाते पंजाब हमेशा चौकन्ना रहे।

रिट्ज मर्केंटाइल लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : 603, सेठी भवन, 7, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
CIN : L52110DL1985PLC019805

सूचना

सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और रिकार्ड पर लेने के लिये तथा अध्यक्ष की अनुमति सहित किसी अन्य मामले पर विचार करने हेतु कम्पनी के निदेशकों की बैठक बुधवार, 13 नवम्बर 2019 को अप. 3.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.ritzmercantile.com पर देखी जा सकती है और स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट्स 'www.cse-india.com' अथवा 'www.msei.in' पर भी देखी जा सकती है।

कृते रिट्ज मर्केंटाइल लि.
हस्ता/-
गोविंद सिंधवी
पूर्ण कालिक निदेशक
डीआईएन 03597757

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 04.11.2019

जेनोमिक वैली बायोटेक लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : 4 कि.मी. स्टोन, बेरी ढारा रोड, गाँव खेरका मुरालपान, पी. ओ. टाहलेड़ी, तहसील बलादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507
CIN: L01122HR1994PLC033029
Tele:- +91-9811341542
Email: genomicvalley@gmail.com
Visit: http://www.genomicvalley.com

सूचना

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं पोषणा अपेक्षाएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्धवर्ष हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक जो 74, पुष्कर एंक्लेव, पश्चिम विहार, दिल्ली-110063 में स्थित कम्पनी के कार्पोरेट कार्यालय में मंगलवार, 12 नवम्बर 2019 को पूर्वा. 11:45 बजे आयोजित की जाएगी।

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं पोषणा अपेक्षाएं) नियमनों 2015 के नियमन 30 और सेबी (अनाधिकृत व्यापार निषेध) नियमनों 2015 संशोधित अनुसार और कम्पनी के अनाधिकृत ट्रेडिंग की निर्बाधित मॉनिटर और रिपोर्ट करने की आचार संहिता के अनुसरण में कम्पनी की प्रतिभूतियों में डीलिंग हेतु ट्रेडिंग विंडो 01 अक्टूबर 2019 से परिणाम की घोषणा के 48 घंटे तक अर्थात् 14 नवम्बर 2019 (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेगी।

इस सूचना में निहित जानकारी कम्पनी की वेबसाइट (http://www.genomicvalley.com) और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध होगी।

कृते जेनोमिक वैली बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
सुनील कुमार
(कम्पनी सचिव)

स्थान : हरियाणा
दिनांक : 05.11.2019

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैय प्रस्तावित है :–

9556

यह कि जितिन अहलावत पुत्र सुखबीर सिंह पुत्र कन्हैयालाल, निवासी मं० नं० 57डी, वार्ड नं०–17, आर्य नगर, झज्जर–124013 (हरियाणा) व बिस्वेदार गाँव मुबारिकपुर, तहसील फरूखनगर व जिला गुरूग्राम, हरियाणा का हैं। यह कि विक्रेता गाँव मुबारिकपुर, तहसील फरूखनगर व जिला गुरूग्राम में जमाबंदी साल 2016–2017 व रपट रोजनामचा वाक्याति नं० 68, दिनांक 04/10/2019 के अनुसार अराजी मुन्द्रजा खेवट नं० 623/513, खाता नं० 700, खसरा नं० 435/3(27–17), किता 1, तादादी रकबा 27 कनाल 17 मरले का 89/557 भाग, बकदर 4 कनाल 9 मरले का मालिक व काबिज हैं। उपरोक्त भूमि को मेरा मुव्वकिल खरीदना चाहता है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैयनामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैयनामा से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादला प्रस्तावित है :–

SW/FSO/229

यह कि शान्ति देवी पत्नी माडियाराम पुत्र हरनन्दी, निवासी व बिस्वेदार गाँव मुबारिकपुर, तहसील फरूखनगर व जिला गुरूग्राम में प्रथम पक्ष, वाका रकबा मौजा मुबारिकपुर, तहसील फरूखनगर व जिला गुरूग्राम बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2016–2017 व ईन्तकाल नं० 4834(तकसीम), 5000(त०म०) के अनुसार आराजी खेवट नं० 109मिन/89, खाता नं० 121मिन, मु० नं० 22, कीला नं० 6(7–4), 7/1(5–11), किते 2, तादादी रकबा 12 कनाल 15 मरले का 29/255 भाग, बकदर 1 कनाल 9 मरले(0.18125 एकड़) की मालिक व काबिज है। जिसका तबादला मेरा मुव्वकिल अपनी भूमि के साथ करना चाहता है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 04.11.2019

राजबीर सिंह
एडवोकेट,
पंचायत भवन गुरूग्राम
Mobile : 09818214284
E-mail : adv.rajbir.singh@hotmail.com

ज्ञानचंद गुप्ता बने विधानसभा अध्यक्ष

प्रोटेम स्पीकर कादियान ने दिलाई नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के 14वें सत्र की कार्यवाही सोमवार को शुरू हो गई। प्रोटेम स्पीकर बनाए गए रघुबीर कादियान ने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को पद एवं गोपनीयत की शपथ दिलवाई। वहीं, दूसरी बार पंचकूला से विधायक चुनकर आए ज्ञानचंद गुप्ता हरियाणा विधानसभा के स्पीकर चुने गए। 71 वर्षीय ज्ञानचंद गुप्ता भाजपा के सबसे बुजुर्ग विधायक हैं। अधिकांश विधायकों ने हिंदी में शपथ ली, जबकि कई ने अंग्रेजी में शपथ थी। तीन विधायकों ने संस्कृत भाषा में शपथ ग्रहण की। विधायकों की शपथ के तुरंत बाद सदन के नेता मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए ज्ञानचंद गुप्ता के नाम प्रस्ताव रखा और इसका अनुमोदन उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की ओर से किया गया। इसके साथ ही गुप्ता को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। सदन में डिप्टी स्पीकर का चुनाव पहले दिन नहीं हो सका है।

राज्यपाल ने पहले कादियान को प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलवाई

राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने सबसे बुजुर्ग विधायक रघुबीर कादियान को प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलवाई। इसके बाद कादियान सभी विधायकों को शपथ दिलाई। फिर स्पीकर का चुनाव हुआ।

तीन दिन चलेगा सत्र

तीन दिन चलने वाला विधानसभा सत्र दोपहर दो बजे शुरू हुआ। बड़ी बात यह है कि चौदहवीं विधानसभा में 43 ऐसे नए सदस्य हैं, जिन्होंने पहली बार विधानसभा में कदम रखा है। इस बार विपक्षी पार्टी कांग्रेस मजबूत स्थिति में है। उसके 31 विधायक हैं, जबकि भाजपा की सरकार जजपा के सहयोग से बनी है।

कादियान से लिया आशीर्वाद

सदन के पहले दिन की कार्यवाही के दौरान डा. रघुबीर कादियान बतौर कार्यवाहक स्पीकर कुर्सी पर विराजमान थे। सभी को शपथ दिलाने के लिए बार-बार ऊपर बुलाया जा रहा था, इस दौरान पहली बार जीतकर आए अधिकांश विधायकों ने कादियान के पैर छुए और आशीर्वाद लिया।

कांग्रेस और भाजपा विधायक दल की बैठक

सत्र से पहले भाजपा और कांग्रेस विधायकों की अलग-अलग बैठक हुई। दोनों पार्टियों ने विधानसभा सत्र को लेकर आगामी रणनीति बनाई। भाजपा विधायकों की बैठक सीएम आवास पर हुई।

रोडवेज कर्मियों ने दी चक्का जाम की चेतावनी

करनाल। ऑल हरियाणा रोडवेज ज्वाइंट एक्शन कमेटी की मीटिंग में कर्मचारी नेताओं ने ऐलान किया कि अगर दो दिन के भीतर टिकट चैकिंग स्टाफ पर हमले के सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो सात नवंबर को करनाल बस स्टैंड पर चक्का जाम कर दिया जाएगा। रोडवेज महाप्रबंधक ने कर्मचारी नेताओं को आश्वासन दिया है कि पुलिस जल्द से जल्द आरोपियों को गिर तार कर लेगी। ज्वाइंट एक्शन कमेटी से जुड़े प्रधान सुखविंद्र सिंह, प्रधान कालाराम, प्रधान कर्मवीर नरवाल व चेयरमैन ईश्वर सिंह ने कहा कि पुलिस मामले में ढुलमुल कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर खानापूर्ती करने का काम किया है। तीन आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। जल्द इन फरार आरोपियों को भी काबू किया जाना चाहिए। छह नवंबर तक गिरफ्तारी नहीं होती तो चैकिंग स्टाफ के निरीक्षक व उपनिरीक्षक भी काम नहीं करेंगे।

खबर संक्षेप

जीवन भर की कमाई बिल्डर को देने वालों के हितों का संरक्षण सर्वोपरिः योगी

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि अपने घर का सपना लिए जीवन भर की गाढ़ी कमाई किसी बिल्डर को देने वालों का हित उनके लिए सर्वोपरि है, क्योंकि घर खरीदने वालों के इस तबके को दोहरी मार का शिकार होना पड़ता है। रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) के अब तक के कार्यों की सराहना करते हुये योगी ने कहा कि रेरा को मजबूत करने और रियल एस्टेट को फिर से संभावनाओं का क्षेत्र बनाने के लिए सरकार शीघ्र ही कुछ और उपायों की भी घोषणा करेगी। तीन लाख घर के खरीदार ऐसे हैं जिन्हें 10 साल से घर नहीं मिल पाया है। एक साल में राज्य सरकार ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे में एक लाख घर खरीदारों को घर दिलाने में सफलता हासिल की है।

पटना में आज देश का पहला खादी मॉल होगा लांच

पटना। देश का पहला मॉडर्न खादी मॉल पटना में बन कर तैयार है। पटना के गांधी मैदान के करीब स्थित मॉल का उद्घाटन 5 नवंबर को बिहार के सीएम नीतीश कुमार करेंगे। पटना में जल जमाव की समस्या की वजह से उद्घाटन पहले नहीं हो सका था। मॉल की ओपनिंग से पहले मॉल का निरीक्षण में आए बिहार के उद्योग मंत्री श्याम रजक ने बताया कि वे बहुत ही आह्लादित हैं कि देश का सबसे बड़े, पहले खादी मॉल का उद्घाटन बिहार के सीएम करेंगे। मॉल में स्त्री, पुरुषों व बच्चों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। कपड़ा सिलाने की सुविधा दी गई है। इसमें खादी ग्रामोद्योग से जुड़े जितने भी संस्थान हैं उनके द्वारा बने हैंडमेड सामानों को भी जगह दी गई है जिसमें शिल्पकारी और मधुबनी पेंटिंग आदि शामिल हैं।

एके 47 राइफल से हुए हमले में 3 लोगों की हुई थी मौत

जवाहर हत्याकांड : करवरिया बंधुओं को आजीवन कारावास

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

सपा विधायक जवाहर पंडित की हत्या के मामले में जिला कोर्ट ने पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया, पूर्व विधायक उदयभान करवरिया, पूर्व विधान पार्षद सूरजभान करवरिया व उनके रिश्तेदार रामचंद्र त्रिपाठी को सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पीड़िता विजमा यादव के वकील लल्लन यादव ने बताया कि विशेष न्यायालय के अपर जिला जज बद्री विशाल पांडेय ने जवाहर पंडित हत्याकांड में करवरिया बंधुओं को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। चारों दोषियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302/149 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई, एक-एक लाख रुपये जुर्माना लगाया। वहीं धारा 307 के तहत इन्हें 10-10 साल की सजा सुनाई गई, 50-50 हजार रुपये जुर्माना लगाया। कुल मिलाकर हर दोषी पर 1,80,000 रुपये जुर्माना लगाया गया है।

उदयभान करवरिया जाएंगे हाईकोर्ट

सजा सुनाए जाने के बाद कोर्ट परिसर में उदयभान करवरिया ने बताया कि मामले में गुण-दोष पर विचार नहीं हुआ। हम गुण-दोष के आधार पर हाईकोर्ट जाएंगे व निचली अदालत के फैसले को चुनौती देंगे।

- हर दोषी पर 1,80,000 रुपये जुर्माना लगाया, मामले में कुल 4 दोषियों को हुई सजा

केस की सुनवाई में अभियोजन पक्ष के 18 गवाह हुए पेश

याद्व के मुताबिक, मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 18 गवाह पेश हुए, जिसमें जवाहर पंडित के साले रामलोचन व घटना के चश्मदीद गवाह राजेंद्र कुमार शामिल हैं। जवाहर पंडित के भाई सुलाकी याद्व मामले में प्रमुख गवाह थे, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। 13 अगस्त 1996 को घटना में सपा विधायक जवाहर पंडित के साथ ही उनके ड्राइवर गुलाब व कमल कुमार दीक्षित नाम के राहगीर की मौत हो गई थी। प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित काफी हाउस के पास जवाहर पंडित पर एके 47 राइफल से हमला किया गया था। जिला कोर्ट ने 31 अक्तूबर को करवरिया बंधुओं व उनके रिश्तेदार रामचंद्र त्रिपाठी को दोषी करार दिया था।

पीएफ घोटालाः ईओडब्ल्यू की टीम ने शक्ति भवन में की छानबीन

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी में बिजली कर्मचारियों की भविष्य निधि (पीएफ) घोटाले की जांच पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) ने अपने हाथ में ले ली है। ईओडब्लू की टीम ने सोमवार को पॉवर कार्पोरेशन मुख्यालय यानी शक्ति भवन में छानबीन की। इससे पहले ईओडब्लू की टीम ने रविवार को लखनऊ के शक्ति भवन में भविष्य निधि ट्रस्ट के कार्यालय के कमरे को सील किया था। मामले में शनिवार को गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। इससे पहले विपक्ष के निशाने पर आए यूपी के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने रविवार को कहा था कि मामले में जो लोग जिम्मेदार हैं उन पर एफआईआर दर्ज करा दी गई है। हम भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहे हैं। गौरतलब है कि यूपी सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) घोटाले में प्राथमिकी दर्ज कर दो वरिष्ठ अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। राज्य सरकार ने मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का भी निर्णय लिया है। शनिवार शाम गिरफ्तार किए गए दोनों अधिकारी ईपीएफ की धनराशि को निजी कंपनी दीवान हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) में फंसाने के आरोपी हैं। कंपनी का संबंध माफिया डान दाऊद इब्राहिम के सहयोगी मृत इकबाल मिर्ची से है।

- शक्ति भवन में भविष्य निधि ट्रस्ट का ऑफिस रूम सील
- मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपी जेल भेजे गए

ऊर्जा मंत्री की मिलीभगत के बगैर संभव नहीं 2600 करोड़ रुपये का घोटालाः कांग्रेस

लखनऊ। यूपी के बिजलीकर्मियों की भविष्य निधि के निवेश में हुए अरबों रुपये के कथित घोटाले के विरोध में कांग्रेस ने सोमवार को राजधानी लखनऊ में धरना प्रदर्शन किया। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के निर्देश पर सचिव रमेश शुक्ला की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया व ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा की बर्खास्तगी की मांग की। शुक्ला ने कहा कि 2600 करोड़ रुपये का घोटाला ऊर्जा मंत्री की मिलीभगत के बगैर संभव नहीं है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहले तो ऊर्जा मंत्री को बचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा मामले को प्रमुखता से उठाये जाने, पार्टी द्वारा प्रभावित कर्मचारियों के हक में लड़ने का इरादा देखकर मामले में लीपापोती का प्रयास किया गया है। 'कांग्रेस इस महाघोटाले में संलिप्त ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा की बर्खास्तगी एवं आपराधिक मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किये जाने की मांग करती है अन्यथा पूरे प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ता आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए विवश होंगे।'

माफी मांगें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, वरना मामला दर्ज कराएंगेः श्रीकांत शर्मा

यूपी के ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने बिजलीकर्मियों की भविष्य निधि में हुए कथित घोटाला मामले में उनपर गंभीर आरोप लगाने वाले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार 'लल्लू' से सोमवार को माफी की मांग की। शर्मा ने कहा ऐसा नहीं होने पर वह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कराएंगे। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष लल्लू द्वारा उनके ऊपर लगाए गए निजी आरोप मनगढ़ंत, तथ्यों से परे व शर्मनाक हैं। इन निंदा योग्य आरोपों पर अविलंब माफी मांगनी चाहिए, नहीं तो वह आपराधिक मानहानि का मुकदमा झेलने के लिए तैयार रहें। लल्लू ने मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए निजी आरोप लगाये हैं। वह कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की तरह बर्ताव कर रहे हैं, जिन्होंने कई नेताओं पर झूठे आरोप लगाए और आज अदालतों के चक्कर लगा रहे हैं।

बिजली मंत्री, बड़े अफसरों को बर्खास्त कर जेल में डालें: सपा

यूपी विधानसभा में सपा के नेता राम गोविंद चौधरी ने बिजलीकर्मियों की भविष्य निधि में हुए कथित घोटाला मामले में ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा व विभाग के प्रमुख सचिव को बर्खास्त कर जेल भेजने, घोटाले की हाईकोर्ट के किसी न्यायाधीश से जांच कराने की मांग की है। बिजलीकर्मियों की भविष्य निधि के 2600 करोड़ रुपये का निजी संस्था डीएचएफएल में निवेश करना सीधे तौर पर लूट है। इतनी बड़ी लूट ऊर्जा मंत्री, पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन व ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव की जानकारी के बगैर हो ही नहीं सकती। सीएम योगी आदित्यनाथ से मांग की कि तीनों को तत्काल बर्खास्त करके जेल में डाला जाए।

न्योता न मिला तो बहन ने कराई भाई की हत्या

एजेंसी ⏭ नालंदा (बिहार)

जिले के नूरसराय के महादेव विगहा से बड़ी खबर आ रही है। यहां छठ पूजा में भाई के द्वारा अपनी बहन को निमंत्रण नहीं देना भाई को महंगा पड़ गया। छठ पूजा के एक दिन बाद ही अहले सुबह अपनी ही बहन रेखा देवी ने भाई के द्वारा छठ पूजा में नहीं बुलाने पर पीट-पीट कर हत्या कर मौत के घाट उतार दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, भाई जितन चौधरी के घर हर साल की तरह इस साल भी छठ पूजा का आयोजन किया गया था।

इसमें आसपास के लोगों को छठ पूजा में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा गया था पर पूर्व से चले आ रहे विवाद के कारण जितन चौधरी ने बहन रेखा देवी को इस साल छठ पूजा में नहीं बुलाया। यह बात बहन रेखा देवी को रास नहीं आई, छठ पूजा के एक दिन बाद ही जब जितन चौधरी अपने घर के बाहर भैंस बांध रहा था।

इसी दौरान रेखा देवी पति बूटन चौधरी समेत पांच लोगों ने मिलकर अपने भाई के ऊपर लाठी-डंडे व ब्लेड से हमला कर दिया। इससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया व इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

- रेखा के पति समेत पांच लोगों ने पीट-पीटकर जतिन को किया जख्मी, इलाज के दौरान मौत

भूमि विवाद के चलते घर में घुसकर युवक की हत्या

गुमला (झारखंड)। रायडीह थाना क्षेत्र के कापोडीह गांव में रविवार की रात्रि करीब नौ बजे मुक्ति खलखो (26 वर्ष) की अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर दी। टांगी से बुरी तरह काटा गया है परिजनों ने भूमि विवाद में हत्या होने की आशंका जताई है।

रायडीह पुलिस को हत्या की सूचना सोमवार की सुबह मिली। इसके बाद थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे, शव को कब्जे में लिया।

राशिफल 05 नवंबर 2019

डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

मेष : सेहत को लेकर सतर्क रहेंगे। आर्थिक रुप से मजबूती के लिए फिजूल खर्चों को कम करें। नौकरी की तलाश के लिए दिन अच्छा है। छुट्टियों पर जाने का प्लान बना सकते हैं। **शुभ अंकः** 5, **रंग** : सफेद।

वृषः खानपान के शौकीन लोग सेहत को लेकर सतर्क रहें। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के दिन लाभदायक साबित होगा। कार्यक्षेत्र पर चीजों को नियंत्रित करने की कोशिश करें। **शुभ अंकः** 17, **रंगः** बोटल ग्रीन।

मिथुनः बीमारी में घरेलू उपचार आपके काफी काम आएगा। धन लाभ के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र पर अधूरे कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। लंबी यात्रा पर जाने से बचें। **शुभ अंक** : 8, **रंगः** क्रीम।

कर्कः सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। धन संबंधित परेशानियां दूर होंगी। करियर के लिए दिन अच्छा है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। **शुभ अंकः** 9, **रंगः** रोजी ब्राउन।

सिंहः सेहतमंद रहने के लिए जिम ज्वाइन कर सकत हैं। धन संबंधित परेशानियां हो सकती हैं। कार्यक्षेत्र पर जरूरी कागजात खो जाने के कारण समस्या हो सकती है। **शुभ अंकः** 1, **रंगः** हल्का लाल।

कन्याः नींद ना आने की समस्या से बचने के लिए घरेलू उपाय अपनाएं। फिजूल खर्चों को कम करने की कोशिश करेंगे। दुकानदारों के लिए दिन लाभदायक साबित होगा। **शुभ अंकः** 6, **रंगः** क्रीमसन।

तुलाः बचपन का कोई दोस्त योग और व्यायाम के लिए प्रोत्साहित करेगा। शेयर मार्केट में पैसा लगाने से बचें। दूसरों के सामने अपनी योजनाओं के बारे में ना बताएं। **शुभ अंकः** 11, **रंग** : नारंगी।

वृश्चिकः किसी बीमारी में घरेलू उपचार काफी काम आएगा। धन कमाने के नए साधन खुलेंगे। कार्यक्षेत्र पर सभी आपके काम की तारीफ करेंगे। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। **शुभ अंकः** 18, **रंग** : कॉफी।

धनुः वजन नियंत्रित करने के लिए नियमित व्यायाम करें। सावधानीपूर्वक लोन चुकाने की योजना बनाएं। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक** : 7, **रंगः** गुलाबी।

मकरः वजन नियंत्रित करने के लिए अपनी इच्छा शक्ति को मजबूत करें। धन संबंधित मामले में भाग्य का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र पर किसी को सलाह देने से पहले अच्छे से सोच लें। **शुभ अंक** : 18, **रंगः** पीच।

कुंभ : सेहत को लेकर नियमित व्यायाम करें। आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए फिजूल खर्च कम करें। कार्यक्षेत्र पर अपने काम से सीनियर्स को प्रभावित करने में कामियाब होंगे। **शुभ अंक** : 3, **रंगः** मरुन।

मीनः मानसिक परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। धन संबंधित परेशानियां दूर होंगी। व्यवसाय के लिए दिन अच्छा है। परिवार के साथ किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं। **शुभ अंक** : 15, **रंग** : आसमानी।

: टिप्स :

1. घर की सीढी वाला हिस्सा रौशनी से भरपुर हो। इससे घर में ची का प्रवेश होता है। सीढी घर को बांटने वाला हिस्सा होता है, इसे रौशन रख कर आप इन कमियों को दूर कर सकते हैं।
2. अपने घर के मुख्य दरवाजे पर पीतल का बना हुआ नंबर लगाएं। आपके घर में ची का प्रवाह मुख्य द्वार से ही होगा। इसलिए ची को पहले दरवाजे से घर में प्रवेश दें।

टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

अयोध्या मसले पर है पूरी तैयारी

'माहौल बिगाड़ा तो एनएसए के तहत होगी कार्रवाई'

हरदोई। राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद मामले में 17 नंबर से पहले फैसला आ सकता है। फैसले के वक्त कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं।

इसी बीच यूपी के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने कहा कि शरारती तत्वों से निपटने के लिए राज्य पुलिस पूरी तरह से तैयार है, जरूरत पड़ी तो उन लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की जाएगी जो माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। हमारा इंटेलीजेंस पूरी तरह सक्रिय है। हमने सभी पुलिस अधीक्षकों, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया है कि समुदाय से जनता से संपर्क बनाए रखें।

ससुर, बेटे को गोली मार कर युवक ने की सुसाइड

एजेंसी ⏭ सहारनपुर

यूपी के सहारनपुर जिले में सोमवार को युवक ने आठ वर्षीय बेटे और अपने ससुर की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद को गोली मार ली। अस्पताल में उपचार के दौरान युवक की भी मौत हो गई।

युवक का पत्नी से विवाद चल रहा था। सहारनपुर के एसएसपी दिनेश कुमार ने बताया कि थाना नकुड के ग्राम जानखेडा निवासी परशुराम की बेटी मोनिका की शादी ग्राम जैदपुरा निवासी सचिन से हुई थी। पति-पत्नी के बीच तनाव था, इस वजह से महिला बेटे को लेकर मायके चली गई थी। सोमवार सुबह छह बजे सचिन अपने ससुराल पहुंचा जहां उसने अपने ससुर परशुराम को तमंचे से गोली मार दी। इसी बीच सचिन का बेटा सामने आ गया तो सचिन ने उसे भी गोली मार दी। इसके बाद सचिन ने खुद को गोली मारी।

पुलिस तीनों को अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने सचिन के ससुर, पुत्र को मृत घोषित कर दिया व उपचार के दौरान सचिन ने भी दम तोड़ दिया।

तीन वर्ष पहले साले पर भी किया था हमला, बेल पर था सचिन

> एसएसपी ने बताया कि तीन वर्ष पहले सचिन ने अपने साले पर भी जानलेवा हमला किया था। जिससे उसे जेल भी हुई थी और इन दिनों वह जमानत पर बाहर आया हुआ था।

- पति से तनाव के बीच पत्नी बेटे को लेकर चली गई थी मायके

झारखंड में विपक्षी गठजोड़ को झटका, मरांडी ने अकेले चुनाव लड़ने का किया ऐलान

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड में विधानसभा चुनाव का ऐलान होने के बाद झारखंड विकास मोर्चा ने भाजपा को निशाने पर लिया है। झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) के प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि चुनाव के पहले ही बीजेपी डरी, सहमी हुई है। साथ ही मरांडी ने कहा कि उनकी पार्टी विपक्षी दलों के महागठबंधन में शमिल नहीं होगी व अकेले चुनाव लड़ेगी। हालांकि, चुनाव बाद के गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। लोकसभा चुनाव के दौरान मैंने प्रयास किया कि गठबंधन बना रहे पर सभी पार्टियों की सीटों को लेकर अपनी-अपनी समस्याएं हैं। यह छोटा राज्य है, कम सीटें हैं व दावेदार अधिक हैं। ऐसे में गठबंधन संभव होता नहीं दिख रहा था। इसके बाद हमने 'एकला चलो रे' की राह को अपनाते हुए अकेले ही लड़ने का फैसला किया।

भाजपा पर भी साधा निशाना

कभी बीजेपी के वरिष्ठ नेता रहे मरांडी ने कहा कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी, झारखंड के सीएम रघुवर दास की इतनी ही लोकप्रियता है तो अपनी पार्टी के कार्यकर्ता को टिकट देकर चुनाव जिताते, दूसरी पार्टी के विधायकों को तोड़ने की क्या जरूरत थी। बीजेपी जितने भी विधायकों को अपने पाले में लाई है, उन्होंने विस से इस्तीफा तक नहीं दिया है, जो कानून के खिलाफ है।

एएमयू ने दी अफवाहों से सतर्क रहने की सलाह

अलीगढ़। अयोध्या मामले में निकट भविष्य में उच्चतम न्यायालय का फैसला आने की सम्भावनाओं के बीच अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) प्रशासन ने समाज के विभिन्न वर्गों को सलाह दी है कि वे सोशल मीडिया पर फैलायी जाने वाली अफवाहों और झूठी खबरों से होशियार रहें।

एएमयू के कुलपति प्रोफेसर तारिक मंसूर ने सोमवार को समाज के विभिन्न वर्गों को लिखे एक 'खुले पत्र' में आग्रह किया कि वे सोशल मीडिया के जरिये उड़ायी जाने वाली अफवाहों और झूठी खबरों से सावधान रहें।

ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले गिरोह पर हुई कार्रवाई

सरगनाओं संग राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ का पूर्व प्रवक्ता लखनऊ में दबोचा

- नौकरी के नाम पर आस्ट्रेलिया, दुबई के लोग भी ठगे

एजेंसी ⏭ गोपालगंज

नौकरी का झांसा देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले गैंग के दो सरगनाओं के साथ राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रवक्ता प्रदीप देव को यूपी के एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपित क्रिस्टो करेंसी, बिट क्वाइन के जरिये विदेशों में ठगी के रुपये भेजते थे। आरोपितों के पास से अलग-अलग बैंकों के 16 एटीएम कार्ड बरामद किये गये हैं। एसटीएफ ने लखनऊ के कमता तिराहे से तीनों को घेराबंदी कर दबोच लिया। यूपी एसटीएफ की टीम बिहार व यूपी में फैले गैंग के सदस्यों की कुंडली तैयार करने में जुटी है। गैंग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैला है। एएसपी एसटीएफ सत्यसेन यादव की मानें तो गिरोह के लोग विभिन्न बैंकों में फर्जी खाते खुलवाते हैं। इन्हीं खातों में नौकरी के नाम पर लोगों से मोटी रकम जमा कराई जाती है। फर्जी खाता खुलवाने वाले व्यक्ति को भी 12 प्रतिशत कमीशन दिया जाता है। पड़ताल में अधिकतर स्कैमर का लोकेशन कैमरून, दुबई, यूरोप व यूएसए समेत अन्य देशों में मिला है। ठगों ने आस्ट्रेलिया, दुबई व यूरोप के अन्य देशों के नागरिकों से भी ठगी की है।

पटना से चलाते थे नेटवर्क

पकड़े गये आरोपितों में नगर थाने के मानिकपुर गांव के श्रीराम साह का पुत्र प्रदीप देव वर्तमान में वृंदावन गार्डेन, आशियाना दीघा रोड पटना में रहता था, जबकि गैंग का सरगना सारण जिले के मढ़ौरा गांव के नेथुवा के रहने वाले सिया शरण सिंह के पुत्र राकेश कुमार सिंह उर्फ पिंटू, जो मकान नंबर सी-475 शांति वाटिका मजिस्ट्रेट कॉलोनी, आशियाना पटना में रहकर गैंग को चला रहा था। तीसरा गोपालगंज जिले के हथुआ थाने के रूपनचक के अमर चौधरी का पुत्र बिट्टू यादव है। पुलिस ने इनके पास से 21 हजार तीन सौ रुपये भी बरामद किये हैं।

बनाए थे फर्जी जॉब पोर्टल

एसएसपी एसटीएफ राजीव नारायण मिश्र के मुताबिक, सोशल मीडिया पर विदेशों में नौकरी का विज्ञापन देकर लोगों से ठगी की जानकारी मिली थी। आरोपित विभिन्न बैंकों में खाते खोलकर लोगों से रुपये जमा करवाते थे। इसके लिए ठगों ने फर्जी जॉब पोर्टल बनाये थे। बेरोजगारों से रुपये लेने के बाद उसे बिट क्वाइन के रूप में एजेंट के माध्यम से रुपये भिजवाते थे।

यूपी में भी ऑड-ईवन लागू करने की तैयारीः दारा सिंह

आगराः धुंध से 'हेल्थ इमरजेंसी' जैसे हालात

आगरा

स्मॉग (धुंध) से 'हेल्थ इमरजेंसी' जैसे हालात हो गए हैं। अस्थमा और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के मरीजों से सुबह और शाम को घर से बाहर निकलने से मना किया जा रहा है। सांस संबंधी बीमारी से पीड़ित बच्चे और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा खतरा है। दीपावली के बाद से वातावरण में जहरीली गैस, अति सूक्ष्म कण पर्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5) का स्तर लगातार बढ़ रहा है। पीएम 2.5 रविवार शाम को अधिकतम 368 तक पहुंच गए थे। ये सूक्ष्म कण सांस लेने पर फेफड़ों तक पहुंच रहे हैं। इससे सांस की नलिकाओं में सूजन हो रही है। ऐसे में अस्थमा, सीओपीडी के मरीजों की सांस की नलिकाओं में सूक्ष्म कण के पहुंचने से सूजन बढ़ रही है। इससे सांस उखड़ने के बाद अटैक पड़ रहा है। एसएन में अस्थमा अटैक पड़ने पर दोपहर में मरीज को भर्ती किया गया, उसे ऑक्सीजन पर रखा गया है। शाम को अटैक के तीन और मरीज भर्ती किए गए।

अन्य उपाय विफल रहे तो बनाएंगे योजना

लखनऊ। प्रदूषण का स्तर दिल्ली के साथ यूपी के कई शहरों में भी बढ़ने लगा है। खतरनाक होते प्रदूषण के स्तर पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली में सोमवार से ऑड-ईवन नियम लागू कर दिया गया। इस बीच यूपी के पर्यावरण मंत्री दारा सिंह चौहान ने भी राज्य के कुछ शहरों में यह नियम लागू करने की बात कही है। जिन जिलों में वायु प्रदूषण खराब हो रहा है वहां भी ऑड-ईवन नियम लागू करना चाहिए। हम इसके बारे में सोच सकते हैं।